

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 8 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-191 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 अक्टूबर 2023 ` 1.00




E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# इजरायली हमले में 500 से अधिक की मौत




**यरुसलम,8 अक्टूबर।** हमास आतंकवादियों ने इजरायल पर भारी संख्या में रॉकेट से हमला किया। इजरायल ने भी जनाबी कार्रवाई की है। एयरपोर्स के द्वारा लगातारा गाजा पट्टी पर बम बरसाए जा रहे हैं। इन हमलों में अब तक 500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 3000 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। आपको बता दें कि हमास के लड़ाकों ने इजरायली सीमा में घुसपैठ कर हमले को अंजाम दिया। इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा कर दी। साथ ही कहा कि दुश्मन को भारी कीमत चुकानी होगी। इजरायल ने फिलिस्तिन के खिलाफ ऑपरेशन आयरन स्वोर्ड्स लॉन्च किया है। नेतन्याहू ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि हमास ऐसी कीमत चुकाएगा, जैसा उसने सोचा भी न होगा। इजरायल के प्रधानमंत्री ने आज सुरक्षा कैबिनेट की बैठक की। इसमें उन्होंने कहा,÷आज सुबह से इजरायल युद्ध में है। हमारा पहला उद्देश्य हमारे क्षेत्र में घुसपैठ करने वाली शत्रुतापूर्ण ताकतों को हटाना और उनक इलाकों में सुरक्षा और शांति बहाल करना है। हामारा दूसरा उद्देश्य गाजा पट्टी के भीतर तैनात दुश्मनों से भारी कीमत वसूलना है। तीसरा उद्देश्य अन्य मोर्चों को मजबूत करना है ताकि कोई भी गलती से इस युद्ध में शामिल न हो। इजरायल ने गाजा में ईंधन, जरूरी सामान और बिजली की सप्लाई रोक दी है।

गाजा में इजारयली सेना पलटवार कर रही है। इस बीच कई बच्चे भी मारे गए हैं। वहीं हमास के आतंकी हमले की वजह से इजरायल में रहने वाले भारतीय भी बेहद डरे हैं। मीनाक्षी लेखी का कहना है कि विदेश मंत्रालय इजरायल पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा अपने नागरिकों को मुसीबत के समय निकालकर वापस लाए हैं।

**सभी भारतीयों को वापस लाएंगे:लेखी-**इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले पर विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा, मुझे कल रात कई संदेश मिले और पूरी रात हम काम कर रहे थे। मुझे यह भी पता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है। हम काम पर हैं। पहले भी आंध्र प्रदेश के लोगों सहित कई छात्र फंस गए थे। इसलिए चाहे वह ऑपरेशन गंगा हो या वंदे भारत, हम सभी को वापस लाए और मुझे यकीन है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे उन लोगों के संपर्क में हैं। पीएम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

## युवती के साथ हमास के आतंकियों ने की बर्बरता की हदें पार

इजराइल में हमास के आतंकियों ने दरिंदगी की सभी सीमाएं पार कर दी। हमास के आतंकी यहां महिलाओं बच्चों समेत आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। महिलाओं को किडनैप कर रहे हैं किसी को भी गोली मार दे रहे हैं। इन आतंकियों ने एक विदेशी युवती को बंधक बनाया। उसके बाद उसे निर्वस्त्र करके एक गाड़ी में डालकर उसको घुमाया गया। इसके साथ ही दरिंदे 'अल्लाह हू अकबर' के नारे भी लगाए। आतंकियों की बर्बरता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिस युवती के साथ बर्बरता की गई पहले तो उसे इजरायली सैनिक बताई गई। बाद में उसकी पहचान सामने आई। युवती की पहचान जर्मन नागरिक के रुप में हुई है जो कि म्यूजिक पार्टी में हिस्सा लेने के लिए इजराइल आई थी। घटना से जुड़े वीभत्स वीडियो सामने आए हैं। युवती की पहचान शानी लौक के रुप में की गई। घटना के बाद शानी की मां का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें उसने आतंकियों से अपील की है कि वे उनकी बेटी का शव वापस कर दें। आपको बता दें कि शनिवार को हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला कर दिया। हमास ने इजराइल पर 5 हजार रॉकेट दागे। इजराइल में दाखिल होने के बाद वे घरों में घुस गए और कत्लेआम मचाना शुरु कर दिया।

## नुसरत भरूचा को एम्बेसी ने ढूंढा

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा को लेकर थोड़ी देर पहले खबर आई थी कि वह इजरायल में फंस गई हैं. साथ ही उनसे कोई संपर्क भी नहीं हो पा रहा था. लेकिन अब लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक इजराइल में फंसी नुसरत भरुचा को एंबेसी ने ढूंढ निकाला है. एक्ट्रेस कनेक्टिंग फ्लाइट से जल्द भारत लौटेंगी. दिए स्टेटमेंट में टीम की तरफ से कहा गया है कि 'हम आखिरकार नुसरत से संपर्क करने में कामयाब रहे और दूतावास की मदद से उन्हें सुरक्षित घर वापस लाया जा रहा है, हमें सीधी फ्लाइट नहीं मिली इसलिए वह कनेक्टिंग फ्लाइट से घर जा रही है.

## संक्षेप

### पटाखा गोदाम में आग, 13 की मौत

**कर्नाटक,8 अक्टूबर।** कर्नाटक में बड़ा हादसा हो गया। यहां बेंगलुरु शहर में अनेकल तालुक के अट्टीबेले में शनिवार शाम 4.30 बजे एक पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग दुकान तक फैल गई। हादसे में 13 लोगों की मौत बताई जा रही है। दुकान मालिक समेत कई लागों के झुलसने की भी खबर है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार पटाखा दुकान नवीन नाम के व्यक्ति की है। बेंगलुरु ग्रामीण एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी ने कहा कि आग लगने की घटना बालाजी पटाखे की दुकान में तब हुई जब कैंटर से पटाखे उतारे जा रहे थे। देखते ही देखते आग गोदाम और स्टॉल तक फैल गई। उन्होंने कहा, दो लोगों को चोटें आई हैं और मालिक नवीन भी झुलस गया है। एफएसएल टीम मूल्यांकन करेगी और हम पटाखा दुकान के लाइसेंस की जांच कर रहे हैं।

### कांग्रेसियों की पिटाई जरूरी हैः अमर अग्रवाल

**बिलासपुर,8 अक्टूबर।** कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज की घटना के बाद पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल पहली बार खुलकर बोले। उन्होंने कुंदन परिसर में कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए एक बार फिर लाठीचार्ज की घटना का जिक्र किया। अमर अग्रवाल ने कहा कि पुलिस ने बहुत ज्यादा तो नहीं मारा है। थोड़ी बहुत ही लाठी मारी है। घटना के बाद हजारों लोगों ने मुझे फोन किया। लोगों ने कहा कि ये इसी लायक हैं। कम पड़ी है और पिटाई होनी थी।

कुंदन परिसर में बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजन किया गया। इसमें पूर्व प्रदेश भाजपाध्यक्ष धरमलाल कौशिक,डिप्टी स्पीकर बद्रीधर दीवान,सांसद लखन लाल साहू,अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी सहित दिग्गज भाजपाई मौजूद थे।

दिग्गजों के अलावा मंत्री अमर ने भी कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमारे पास हजारों की संख्या में कार्यकर्ता हैं। उनके पास गिनती के कार्यकर्ता हैं। कितने होंगे 100 से ज्यादा नहीं हैं। हजारों कार्यकर्ता भी इस तरह के काम कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ शांत राज्य है। इसमें बिलासपुर की गिनती तो प्रदेश में शांत शहर के रूप में होती है। शहर की संस्कृति कभी भी ऐसी नहीं रही है। हम इस तरह की घटना को अंजाम देना नहीं चाहते।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अटल श्रीवास्तव का नाम लिए बगैर कहा कि इनके चेहरे को जनता अच्छी तरह जानती है। कांग्रेस का वर्तमान में शहर का जो नेतृत्व है उसे देखकर जनता डरी और सहमी हुई है।

# अफगानिस्तान में भूकंप, 2000 की मौत



**काबुल,8 अक्टूबर।** अफगानिस्तान शनिवार को भूकंप के झटकों से दहल गया। एक के बाद एक लगातार पांच झटकों ने कई इमारतों और दीवारों को जमींदोज कर दिया। भूकंप में कम से कम 2000 लोगों की जान चली गई। इसे अफगानिस्तान में बीते चार दशकों की सबसे बड़ी तबाही बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रती रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। मरने वालों की संख्या अभी बढ़ भी सकती है। यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के सबसे बड़े शहर हेरात से 40 किलोमीटर नॉर्थ वेस्ट में था। तालिबान ने अब दुनिया के सामने मदद के लिए हाथ फैला दिए हैं।

भूकंप आने के बाद लोग अपने घरों और दुकानों को छोड़कर भागने लगे। सोशल मीडिया पर दहशत के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। हेरात के रहने वाले बशीर ने बताया, हम लोग उस व क्त ऑफिस में थे। अचानक इमारत हिलने लगी। उन्होंने एएफपी से कहा, भूकंप इतना तेज था कि दीवार का प्लास्टर गिरने लगा और दीवारों में दरार आ गई। इसके अलावा इमारत का कुछ हिस्सा ढह भी गया।

उन्होंने कहा, अब मेरा परिवार से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। मोबाइल डिसकनेक्ट हो गया है। हम बेहद डरे हुए हैं। अफगानिस्तान के नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता ने कहा कि ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की भी घटनाएं हुई हैं जिनमें लोगों के मारे जाने की आशंका है। फिलहाल हमारे पास सारी जानकारियां अभी नहीं हैं।

बता दें कि हेरात को अफगानिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है। यहां लगभग 19 लाख लोग रहते है। बीते साल जून में भी अफगानिस्तान में आए भूकंप में कम से कम 1000 लोगों की मौत हो गई थी। अफगानिस्तान में भूकंप फराह और बदगीस प्रांतों में महसूर किया गया। अफगानिस्तान का बड़ा इलाका भूकंप संभावित है। हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला में यूरेशियन और भारतीय टैक्टोनिक प्लेटों के अभिसरण की वजह से यहां भूकंप अकसर आता रहता है। कई बार हिंदुकुश के भूकंप का असर भारत के दिल दिल्ली तक होता है।

# हादसों में दो की गई जान

**गरियाबंद,कोरबा,8 अक्टूबर।** प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में दर्दनाक सड़क हादसा हुई है. जहां दो लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 लोग घायल हुए हैं. पहली घटना गरियाबंद के राजिम की है. यहां साइकिल सवार महिला को तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई है. दूसरी घटना कोरबा जिले की है. बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत चुइया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई है. वहीं बेटा घायल है. तो तीसरी घटना करतला थाना क्षेत्र में हुई है. जहां बाइक सवार दो लोग तालाब में जा गिरे. दोनों को बेहोशी की हालत में राहगीरों ने पड़े हुए देखा. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल, इन तीनों मामले में पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है.

तेज रफ्तार बस ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई. ये घटना राजिम के प्रेम रतन मैरिज पैलेस के पास की है. बताया जा रहा है कि यात्री बस मां शारदा ट्रेवल्स गरियाबंद की ओर से आ रही थी. वहीं महिला सायकल में सवार होकर जा रही थी. तभी तेज रफ्तार बस ने महिला को अपने चपेट में ले लिया. मृतिका का नाम गायत्री साहू पथर्रा निवासी बताया जा रहा है.

कोरबा के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत के चुइया मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई और बेटा घायल है. घायल का अस्पताल में इलाज जारी है.

# तेंदुए की खाल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**गरियाबंद,8 अक्टूबर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र से एक बडी खबर निकलकर सामने आई है, वन्य प्राणी तेन्दुआ का शिकार कर उसके खाल को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे, दो आरोपियों को वन विभाग एंव जिला पुलिस साइबर सेल द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए, आरोपियों को पीछा कर ओडिसा से लगे सीमा पर पकड़ने में सफलता प्राप्त किया गया है, शिकार किये गये तेन्दुआ वयस्क लगभग 07 से 08 वर्ष का होने के साथ इसका शिकार पेशेवर तरीके से किये जाने की निशान खाल में दिखाई दे रहा है। तेन्दुआ का शिकार तीर धनुष के माध्यम से किया गया है और तो और यह तेन्दुआ उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के साथ ही ओडिसा के सोनाबेड़ा जंगल क्षेत्र की होने की संभावना व्यक्त



की जा रही है बहरहाल वन विभाग द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आज शनिवार को वन अपराध के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

कंदर्प राणा की शिनाख्त पर इनके अन्य 05 साथियों का भी तस्करी एवं खरीदी-बिक्री करने में संलिप्त होना बताया गया, जो फरार हो गये हैं जिसकी खोजबीन की जा रही है।

### मंत्री के आवास में बम विस्फोट

**इंफाल।** मणिपुर के मंत्री वाई खेमचंद के आवास के गेट पर बीती रात एक बम विस्फोट हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट के प्रभाव से सीआरपीएफ के एक जवान के दाहिने हाथ में मामूली चोटें आईं।

नि:शब्द



# भारतीय वायुसेना ने भी बदला अपना ध्वज

**नई दिल्ली,8 अक्टूबर।** भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रविवार को प्रयागराज में वार्षिक वायु सेना दिवस परेड के दौरान वायु सेना के नए ध्वज का अनावरण किया। 72 वर्षों में यह पहली बार भारतीय वायुसेना द्वारा इस तरह का अभ्यास किया गया है। नौसेना की तरह औपनिवेशिक अतीत का त्याग करते हुए अपने ध्वज में बदलाव किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर था। नए ध्वज में सबसे ऊपर और दाएं कोने में भारतीय वायुसेना की शिखा को दर्शाया गया है।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना की आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर, 1932 को स्थापना की गई थी। इसकी दक्षता और उपलब्धियों को देखते हुए मार्च 1945 में इसे रॉयल शब्द से सम्मानित किया गया था। इसके बाद यह रॉयल इंडियन एयर फोर्स बन गई। 1947 में देश को आजादी मिलने के बाद 1950 में वायुसेना ने अपने नाम में लगा रॉयल उपसर्ग हटा दिया। अपने झंडे को भी बदल लिया। आरआईएएफ ध्वज में ऊपरी बाएं कैंटन में यूनियन जैक और फ्लाई साइड पर आरआईएएफ राउंडेल (लाल, सफेद और नीला) शामिल था। स्वतंत्रता के बाद निचले दाएं कैंटन में यूनियन जैक को भारतीय तिरंगे के साथ और आरएएफ राउंडल्स को आईएएफ तिरंगे राउंडेल के साथ बदलकर भारीतय वायुसेना का ध्वज बनाया गया था। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा, भारतीय वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए अब एक नया ध्वज बनाया गया है। ध्वज के ऊपरी दाएं कोने में फ्लाई साइड की ओर वायु सेना क्रेस्ट को शामिल किया गया है। भारतीय वायुसेना के शिखा पर राष्ट्रीय चिन्ह है। शीर्ष पर अशोक स्तंभ है। उसके नीचे देवनागरी में सत्यमेव जयते लिखा है। अशोक स्तंभ के नीचे एक हिमालयी ईगल है जिसके पंख फैले हुए हैं, जो भारतीय वायुसेना के लड़ने के गुणों को दर्शाता है। भारतीय वायुसेना का आदर्श वाक्य गौरव के साथ आकाश को छूएं देवनागरी में हिमालयन ईगल के नीचे अंकित है। यह वाक्य वाक्य भगवद गीता के अध्याय 11 के श्लोक 24 से लिया गया है।



**महासमुंद,8 अक्टूबर।** जिले से भीषण आगजनी की खबर सामने आई है। जहां आबकारी विभाग की प्रीमियम मदिरा दुकान में बीती रात आग लग गई. आगजनी की इस घटना में लाखों की शराब जलकर खाक हो गई. गार्ड के मुताबिक रात दो बजे शॉट सर्किट होने की वजह से आग लगी है.

# रणनीतिक संबंधों को नया आयाम देंगे भारत और सऊदी अरब

**नई दिल्ली,8 अक्टूबर।** आज भारत तथा सऊदी अरब के मध्य द्विपक्षीय सम्बन्धों की बढ़ती प्रवृत्तियों में रक्षा, रणनीति, सुरक्षा, निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार के साथ-साथ शिक्षा, ऊर्जा तथा प्रसार कारक शामिल हैं। यह उन सम्भावनाओं के बढ़ते सौहार्द्र तथा समझ की स्पष्ट झलक है जिसमें द्विपक्षीय साझेदारी विकसित हुई है। इसका ताजा उदाहरण हमें भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरन भी देखने को मिला। शिखर सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।


इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा हुई। दोनों नेताओं ने देश के बीच रणनीतिक साझेदारी की संभावना को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार विमर्श किया। भारत और सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस परिषद के अंतर्गत दोनों समितियां की कई बैठकर हुई है जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपकी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की जरूरत के अनुसार हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जुड़ रहे हैं। बताने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2019 में रियाद की यात्रा की थी जिसके बाद भारत सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद का गठन किया गया था। इस परिषद में दो समितियां है जिसमें पहले समिति राजनीतिक सुरक्षा सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति है। वहीं दूसरी समिति अर्थव्यवस्था और निवेश समिति है। त्र20 के बाद दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक सितंबर 2022 में रियाद में आयोजित दो समितियां की मंत्री स्तरीय बैठक के बाद हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल साउथ और मेरे बीच बातचीत सार्थक रही। व्यापारिक संबंधों की इस बैठक में हमने समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बढ़ेंगे भी और मजबूत भी होंगे। दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग की गुंजाइश अधिक है। सऊदी अरब के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने के लिए भारत इच्छुक है। दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक में कई एजेंडे शामिल थे जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और सामुदायिक कल्याण मुद्दों समिति विपक्षीय सहयोग के मुद्दे शामिल थे।

दोनों देशों के नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत कई अहम फैसले लिए हैं। बैठक में फैसला हुआ कि दोनों देशों में कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। भारत और सऊदी अरब मिलकर स्टार्टअप और इनोवेशन ब्रिज का शुभारंभ करेंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। बता दे कि इन समझौता से दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और अधिक घनिष्ठ होंगे जिससे भारत में निवेश भी तेजी से बढ़ेगा।

# श्रीमद् भागवत भगवान का साक्षात वांग्मय स्वरूप है:सुबुद्धानंद महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 अक्टूबर। गहोई वैश्य समाज एम.पी. हाल में आयोजित श्रीमद् भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा को संबोधित करते हुए ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव तथा वर्तमान ज्योर्तिमठ व द्वारका शारदा मठ के सचिव तथा तथा राजराजेश्वरी सेवा ट्रस्ट, कोलकाता परमहंसी गंगा आश्रम के अध्यक्ष पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान श्री कृष्ण का ही स्वरूप है। भगवान जब अपनी लीला का संवरण करके नित्य गोलोक धाम जाने लगे तो उद्धव जी ने भगवान से प्रार्थना की, कि महाराज कलयुग का प्रवेश हो रहा है आप ऐसे समय में अपने भक्तों को छोड़कर के जा रहे हैं, आपके कलयुग के भक्तों का उद्धार कैसे होगा, किसका आलंबन करके कलयुगी भक्त रहेंगे अभी तो आपका आलंबन था इसलिए महाराज आप मत जाइए। उद्धव जी की प्रार्थना को सुनकर भगवान अंतर्ध्यान हुए और श्रीमद्भागवत रूपी ज्ञान सागर में में समाहित हो गए, अंतः श्रीमद् भागवत भगवान का साक्षात वाङ्मय स्वरूप है, चिन्मय स्वरूप है। साक्षात श्रीमद्भागवत के रूप में भगवान आपके सामने विराजमान हैं उनका दर्शन श्रवण सर्वदा आपका कल्याण करेगा। कथा व्यास डॉ इन्दुभवानन्द महाराज ने कथा में समुद्र मंथन, देव दानव संवाद, बलि वामन प्रसंग, गंगा अवतरण आदि विविध प्रसंगों का विस्तार करते हुए बताया कि भगवान के अवतार के अनेक हेतु होते हैं, श्री कृष्ण तो अवतारों के भी हेतु हैं। भगवान श्री कृष्ण श्रीमद्भागवत के प्रतिपाद्य देवता है, भगवान श्री कृष्ण अवतार नहीं अवतारी है, नारायण के अंशों द्वारा भगवान के अनेक अवतार होते हैं किंतु श्री कृष्ण स्वयं परब्रह्म परमात्मा है श्रीमद् भागवत में श्री कृष्ण अवतार के बाद फिर अवतारों की चर्चा नहीं होती है इससे यही सिद्ध होता है कि श्री कृष्ण ही पूर्ण परब्रह्म परमात्मा है। कथा के पूर्व गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष पवन कुमार ददरया एवं समाज के समस्त सदस्यों ने यजमानों ने पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द महाराज का पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया।



## एक नजर

### दुष्कर्म,धमकी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई एक महिला पुलिस आरक्षक से दुष्कर्म की घटना हुई है आरक्षक, आरोपित से संबंध नहीं रखना चाहती थी, वह उस पर लगातार दबाव बना रहा था आरोपित उसे धमका भी रहा था इससे परेशान होकर महिला आरक्षक ने जहर खा लिया था उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पुलिस को इसकी जानकारी मिली इसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और धमकाने की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि न्यू पुलिस लाइन दुर्ग निवासी महिला आरक्षक की शिकायत पर ग्राम केरेगांव जिला धमतरी निवासी पुष्पेंद्र पटेल ( 25 ) के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया गया आरोपित दुर्ग में किराए पर रहकर एक शासकीय विभाग में गाड़ी चलाता था न्यू पुलिस लाइन में आरोपित के रिश्तेदार रहते थे, जिनसे मिलने के लिए वह अक्सर वहां जाता था। इसी दौरान उसकी पीड़िता से मुलाकात हुई और जान-पहचान बढ़ी इसके बाद आरोपित ने उसे अपने प्रेम जाल में फांसकर उसका दैहिक शोषण किया दोनों के बीच कुछ दिनों तक सामान्य रूप से संबंध चलता रहा, लेकिन आरोपित की कुछ हरकतों के कारण पीड़िता ने उससे दूरी बनानी शुरू की दी, लेकिन आरोपित उसका पीछा छोड़ने के लिए तैयार नहीं था आरोपित उसे धमकाने लगा, जिससे परेशान होकर उसने दो दिन पहले जहर खा लिया। उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया गया पीड़िता के बयान पर पुलिस ने आरोपित पुष्पेंद्र पटेल के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से रिमांड पर उसे जेल भेजा गया है ।

### चोरी के आरोप में 10 महिलाएं गिरफ्तार

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई ग्राम कोड़िया में आयोजित शिव महापुराण की कथा के पहले ही दिन चोरी का प्रयास कर रहीं 10 महिलाओं को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित महिलाएं मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं नंदिनी पुलिस ने सभी महिलाओं के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा है बता दें कि ग्राम कोड़िया में शिव महापुराण की कथा शुरू हुई है। वहां सीहोर के पंडित प्रदीप मिश्रा कथा वाचन कर रहे हैं आयोजन एक सप्ताह तक चलेगा इस कथा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुट रही है श्रद्धालुओं के साथ ही यहां पर चोर, बदमाश भी सक्रिय हैं कथा के पहले ही दिन नंदिनी पुलिस ने 10 महिलाओं को गिरफ्तार किया सभी महिलाएं भीड़ में गहने और अन्य सामान चोरी करने का प्रयास कर रही थीं लोगों ने महिलाओं की संदिग्ध गतिविधि को देखकर पुलिस को जानकारी दी.पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि ग्राम उमराव मध्यप्रदेश निवासी दीपू बाई जाटव (23), पोनिया बाई जाटव (32), मिथलेश बाई सेन (40), जमुना दास कालोनी अशोक नगर सागर मध्यप्रदेश निवासी रेखा जाटव (33), उषा बाई जाटव (30), अघोड़ नगर जिला सागर मध्यप्रदेश निवासी पीरकाही जाटव (60), विजेता सिंह (24), कलमना मार्केट नागपुर महाराष्ट्र निवासी चंदा शेंडे (42), छाया बाई पात्रे (35) और ईदगाह मैदान आगरा उत्तर प्रदेश निवासी कमलेश जाटव (45) के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय पेश।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक सूने मकान में चोरी की घटना हुई शिकायतकर्ता के स्वजन पिंडदान के लिए गया हुए थे पीड़ित रायपुर सरोरा के एक ढाबे में काम करता है वह पांच अक्टूबर की रात को ढाबे में ही रुक गया था इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने उसके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर. और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया घटना की शिकायत पर जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी की है जामुल पुलिस ने बताया कि न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी सूर्य प्रकाश मिश्रा ने चोरी की शिकायत की है शिकायतकर्ता रायपुर सरोरा के ढाबे में काम करता 28 सितंबर को उसके परिवार सदस्य पिंडदान करने के लिए गया बिहार गए थे। अकेला होने के कारण शिकायतकर्ता पांच अक्टूबर की रात को ढाबा में हो सो था छह अक्टूबर को उसके पड़ोसी ने उसे फोन कर जानकारी दी कि उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है इस पर शिकायतकर्ता रायपुर से वापस लौटा और घर में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था दीवान पलंग के अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर और 50 हजार रुपये नकद नहीं थे चोरी गए सामान की कुल कीमत जो लाख रुपये आकी गई है आरोपित का सुराग तलाशने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है।

### चाकू से डराने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने शिवपारा तुलसी चौक निवासी देवानंद बिहारी उर्फ राजू बिहारी को पकड़ा है पुलिस का कहना है कि यह चाकू लेकर लोगों को डरा रहा था पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 (1बी). 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की ।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मणों के बच्चों के वैवाहिक संबंधों के लिए स्नेह सम्मेलन आयोजित

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई-दुर्ग, दिसम्बर माह के उत्तरार्ध में अपने कान्यकुब्ज ब्राह्मणों के बच्चों के वैवाहिक संबंधों की तलाश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष पारिवारिक परिचय का स्नेह सम्मेलन आयोजित करता है। इस अवसर पर चेतना पत्रिका के माध्यम से विवाह योग्य युवक एवं युवतियों की जानकारी साझा की जाती है। मंच के महासचिव ने सदस्यों से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों की वैवाहिक जानकारी नीचे दिए गए प्रारूप में एक रंगीन फोटो सहित भरकर व्हाट्सएप नंबर 6264937799 पर अथवा मानव आश्रम सेक्टर-1 के कार्यालय में 30 नवंबर 2023 तक जमा करें। वैवाहिक विवरण पत्रिका में निःशुल्क छापा जाएगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष दिनांक 24 दिसंबर को मानव आश्रम सेक्टर-1 के प्रांगण में सुबह 10:30 बजे से इसका आयोजन किया जाएगा।

### बीएसपी में स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन



भिलाई, 8 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वधान में, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विगत दिनों एसएमएस-2 में, 'स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक' शीर्षक नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के संदेश दिए गए। यह लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया। साथ ही इसका उद्देश्य अपने आसपास के आलावा कार्यक्षेत्र में भी सफाई का महत्व बताना था। कार्यक्रम में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक एन श्रीकांत, महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आलोक माथुर, महाप्रबंधक बिनितोष बाला, महाप्रबंधक बालम सिंह, महाप्रबंधक गौरव सिंघल, महाप्रबंधक के राजकुमार, महाप्रबंधक एस के मल्लिक सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रिसाली में खुला मिलेट्स कैफे, सतनाम भवन व स्कूल का हुआ लोकार्पण



रिसाली। रिसाली महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र में 100 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण किया। इसमें मिलेट्स कैफे भी शामिल है। इसे रायपुर के तर्ज पर तैयार किया गया है। रिसाली के नागरिकों को मिलेट्स से तैयार व्यंजनों का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रदेश सरकार की यह अनूठी पहल है। सरकार के इस प्रयास में रिसाली निगम ने भी सहभागिता निभाई है। निगम क्षेत्र की महिलाएं भी अब बड़े-बड़े रेस्टोरेंट की तर्ज पर मिलेट्स कैफे चलाएंगी। लोकार्पण अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर वैष्णव, पार्षद विलास राव बोरकर, सुनंदा चंद्राकर, शीला नारखेड़े, अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, जमुना ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन, संतुदास मानिकपुरी, संध्या वर्मा, अजीत यादव, मोहम्मद निजाम, आयुक्त आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे। मिलेट्स कैफे तैयार करने में निगम ने 20 लाख खर्च की है। बीएसपी मार्केट के सामने बने मिलेट्स कैफे में फैमिली के साथ आए लोगों के लिए बैठक व्यवस्था अलग से की गई है। वहीं कैफे में खड़े होकर खाने की व्यवस्था पृथक से है। कैफे के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने मिलेट्स से तैयार केक काटा और महिला समूह से नास्ता खरीदकर बोहनी कराई। पहले महापौर शशि सिन्हा ने ऐसे विकास कार्यो का लोकार्पण किया जो पूर्ण हो चुके है। इसमें 30 लाख से रिसाली शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार, 22 लाख की लागत से मौहारी शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार और 28 लाख की लागत से सतनाम भवन निर्माण कार्य शामिल है।



### मंत्री अकबर ने वार्डवासियों से सौजन्य मुलाकात की

**कवर्धा।** वार्ड में नर्मदा सोनी के निवास पर पहुंचकर मंत्री अकबर ने परिवार के सदस्यो से मुलाकात कर हाल चाल पूछा । इस दौरान देवकन्या सोनी , दीपांश सोनी , दीपाली सोनी उपस्थित रही ।

## सतनाम समाज के सैकड़ों कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,8 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा के कुकदूर मंडल के साजा पारा एवं दुल्लापुर मंडल के ग्राम करपी कला में सतनामी समाज के सैकड़ों लोग कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश किए.। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशन में संगठन जिस प्रकार से लगातार गांव गांव तक पार्टी के सिद्धांतो और रीति नीति का प्रचार कर रहा है उससे प्रभावित होकर सतनामी समाज के इन लोगों ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंचराम कोसले के मार्गदर्शन में कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश किया है.जिला भाजपा कार्यालय के मीडिया विभाग से प्राप्त विज्ञप्ति में बताया गया है कि कार्यक्रम में पंचराम कोसले, कल्पनाथ टंडन ,धनेश दिलावर , धनसाय भास्कर ,कुकदूर मंडल से मनीराम पात्रे की उपस्थिति में साजा पारा एवम करपी कला गांवों से प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से प्रकाश काठले, रविकांत कुर्रे, नरोत्तम काठले, टेक लाल काठले , श्याम काठले, आकाश , देवदीप , लकी , कमलेश , किशन , शेखर , रोहित , वीरेंद्र पात्रे, हरिराम दिवाकर, गोरे जोशी, साहेब, सुनील भास्कर, सुनील टंडन, अमर , सोमेश बंजारे, श्यामलाल भास्कर, अमित , विक्की , लव बंजारे, उमेश बंजारे ,अंकित जोशी ,लोचन पाटेल ,नरेंद्र डेहरिया ,सुनील , विकास बंजारे, सत्यम बंजारे ,रविकांत कुर्रे, नागेश ,जागो लहरिया, रेशम , सुनील बंजारे, देव भास्कर, किशन दास ,प्रेम प्रकाश भास्कर, राजकुमार लहरे ,भरोसा पात्रे, जगदीश , इंद्र कुमार पात्रे, जगतारण गेंदले ,कोमल, जीवन, मनोज , हरिकुटे ,वेदराम , रमेश गायकवाड़, दशरथ डेहरिया, आसाराम, संतोष , लव सिंह , सौर राज ,जाम सिंह, संजय टंडन, नारद, सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी भाजपा में प्रवेश किया.। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने दी ।



### मंत्री अकबर ने जिला पंचायत सभागृह में एक करोड़ 28 लाख के 16 कार्यों का भूमिपूजन किया

**कवर्धा।** मंत्री अकबर ने जिला पंचायत सभागृह में एक करोड़ 28 लाख के 16 कार्यों का भूमि पूजन किया और कार्यक्रम के दौरान क्रैडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल , जिला अध्यक्ष होरीराम साहू , नपाध्यक्ष ऋषि शर्मा , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अगम अनंत , कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू उपस्थित रहे ।

## पर्यावरण संरक्षण को अपना कर्तव्य समझते हुए प्रकृति से जुड़े रहने का आव्हान




**भिलाई, 8 अक्टूबर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ (दिया) छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को कल्याण महाविद्यालय में डिवाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस संस्था के साथ जनवरी 2022 में एमओयू किया गया था जिसका उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हुए रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करना है । कार्यशाला में दिया छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी. एल. साव ने युवा कौन विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही राष्ट्र के निर्माता है, वह अपनी प्रतिभा और समय को राष्ट्र निर्माण में लगाए। युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ चुका है और नारी शक्ति अपना परचम पृथ्वी से आकाश तक चंद्रयान-3 की सफलता के साथ लहराया है। चाहे वो मिसाइल वुमन टेसी थॉमस हो या रॉकेट वुमन ऋतु करीधल 21वीं सदी नारी सदी होगी। डॉ योगेंद्र कुमार ने सात आंदोलन को अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण को अपना कर्तव्य समझते हुए प्रकृति से जुड़े रहने का आव्हान किया। श्रीमती अनीता साहू ने युवाओं को सफलता के सूत्र बताते हुए दृढ़ संकल्प और हमेशा मनोबल ऊंचा बनाये रखने की प्रेरणा दी। कार्यशाला के आयोजन मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल डॉ. पी.एस .शर्मा एवं डॉ.जी.के.चंद्रोल ने मुख्य भूमिका निभाई। महाविद्यालय के अध्यापक एवं छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी की। डिवाइन वर्कशॉप लगातार 8 वर्षों से बॉटनी डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हो रहा है । कार्यशाला मे महाविद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार, प्रियंका साहू, मनमीता सिंह राजपूत,

## विधायक की पहल से बाबा बालक नाथ तालाब का हुआ सौंदर्यीकरण



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा भोलेनाथ का एक भव्य मंदिर है। बाबा बालक नाथ के रूप में बिराजे हैं। इस मंदिर परिसर में भव्य तालाब है। जिसका सौंदर्यीकरण भिलाई नगर विधायक की पहल से की गई है। और अब इस तालाब की खूबसूरती में 4 चांद लग गया है। क्योंकि यहां भिलाई नगर विधायक यादव की पहल से म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया जाएगा । जिसका आज लोकार्पण किया गया। विधायक यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों में काफी उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने इसके लिए विधायक श्रीयादव का आभार जताया। वासियों ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव के पहले से क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है। अब पहले जैसा खुर्सीपार नहीं रहा आज के खुर्सीपार में खेल मैदान से लेकर गार्डन ओपन जीम, साफ-सुथरी सड़को की सर्व सुविधा है। वार्ड में मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिल रही है। पीने के लिए शुद्ध पानी और गलियों की नियमित साफ-सफाई से आज लोगों के जीवन में काफी बदलाव हुआ है। मंदिर के तालाब और आसपास का सौंदर्यीकरण करने से रात में यहां की सुंदरता काफी बढ़ गई है। साथ ही मंदिर परिसर की सुंदरता भी बढ़ गई। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक यादव, मेयर नीरज पाल सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।



## कई विभागों के अमले ने डेंगू का पता लगाने 2563 घरों का किया सर्वेक्षण

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के निःशुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू के सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर-01, 02, 04, 06 के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। 7 अक्टूबर के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 2463 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 2005 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 140 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 125 घरों में स्प्रे किया गया तथा 1308 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। आज के रिपोर्ट के अनुसार डेंगू के पॉजीटिव मरीजों तथा कॉम्प्लीकेटेड डेंगू मरीजों की संख्या शून्य प्राप्त की गई। इसके तहत घरों में पानी जमा होने वाले स्थानों की जांच की जा रही है और दवाई का छिड़काव, नालियों में ऑइलिंग और आम जनता को डेंगू के प्रति सजग किया जा रहा है। इस अभियान के तहत इस्पात नगरी के नागरिकों को डेंगू की बीमारी और डेंगू पैदा करने वाले मच्छरों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

एक्ट्रेस शहनाज़ गिल इन दिनों भूमि पेडनेकर के साथ आई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी लाइमलाइट बटोर रही हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर लोगों के दिलों की धड़कनें बढ़ गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज़ गिल हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।



# ध्रुव तारा में महावीर नायक का सच उजागर करने के करीब पहुंचा

**मुंबई।** सोनी सब के मनमोहक ड्रामा 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' ने दर्शकों को अपनी आकर्षक कहानी से बांधे रखा है, जो आश्चर्यजनक ट्विस्ट और टर्न से भरे रोमांस और समय यात्रा की कहानी बुनता है। ईशान धवन और रिया शर्मा के किरदार नायक और तारा ने शो के सार को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया है, जिससे यह दर्शकों के लिए एक आकर्षक घड़ी बन गया है। हाल ही में, दर्शकों ने देखा कि महावीर (कृष्णा भारद्वाज) नायक की पहचान पर संदेह करता है और उसके असल इरादों को उजागर करने की ओर कदम बढ़ाता है।

आगामी एपिसोड्स में, एक तरफ, महावीर नायक का सच उजागर करने के करीब पहुंच जाएगा। उसी दौरान, तारा को पता चलता है कि तिलोत्तमा (नेहा हरसोरा) घटित होने वाली सभी रहस्यमय घटनाओं के



पीछे की मास्टरमाइंड है। वह विश्वासघाती है जो सारी साजिशें रच रही है। जैसे ही तारा



महावीर के समक्ष यह चौंकाने वाली बात उजागर करने का प्रयास करती है, अपनी पत्नी पर महावीर का अटूट विश्वास उनके रिश्ते में दरार पैदा कर देता है। जबकि महावीर नायक के बारे में सच्चाई के करीब पहुंच रहा है, तारा द्वारा तिलोत्तमा पर लगाए गए आरोप इस जटिलता को और भी बढ़ा देते हैं। दर्शक भावनाओं के उतार-चढ़ाव की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि वे ऐसे ट्विस्ट और टर्न देखेंगे जो तारा और महावीर के बीच के रिश्ते को हमेशा के लिए बदल सकते हैं। क्या तारा महावीर को समझा पाएगी, या यह रहस्य पता चलने से उनका बंधन हमेशा के लिए टूट जाएगा? तारा की भूमिका निभाने वाली रिया शर्मा ने कहा, ÷तारा के लिए, यह अपने पिता की हत्या के पीछे की सच्चाई को उजागर करने का ?अथक प्रयास है। इन सबसे बढ़कर, उसने नायक के बारे में यह बड़ा रहस्य महावीर से छिपाया है, जिसे वह बेहद प्यार करती है। मेरा मानना ??है कि तारा के लिए महावीर को यह विश्वास दिलाना चुनौतीपूर्ण होगा कि ध्रुव असल अपराधी नहीं है और यह उसकी पत्नी तिलोत्तमा का षडयंत्र है। इस कहानी का खुलासा निश्चित रूप से दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। महावीर की भूमिका निभाने वाले कृष्णा भारद्वाज ने कहा, ÷मेरा किरदार, महावीर, तिलोत्तमा पर आंख मूंदकर भरोसा करता है, और जो कोई भी उसके इरादों पर सवाल उठाता है, उसे तुरंत बरखास्त कर दिया जाता है। अब, तिलोत्तमा पर लगाए गए तारा के आरोपों और नायक के बारे में उसके सीक्रेट से, महावीर का तारा पर विश्वास टूट रहा है। यह भाई-बहनों के बीच के कभी आदर्श रहे रिश्ते को काफी हद तक बदल देगा, जिससे उनके जीवन का उथलपुथल भरा दौर शुरू होगा। इन तीव्र भावनाओं को प्रदर्शित करना एक रोमांचक अनुभव होने वाला है।

## सोनी सब के शो वंशज में, कैसे हसीना युविका के भयावह दुर्घटना के बाद उसका सहारा बनेगी

सोनी सब की 'वंशज' एक दिलचस्प कहानी सामने लेकर आया है, जिसमें बड़ी चतुराई से पारिवारिक संघर्षों, राजनीतिक साजिशों और एक समृद्ध व्यापारिक परिवार, जिसे आम तौर पर द महाजन कहा जाता है, के जटिल रिश्तों को प्रदर्शित किया गया है। हाल ही में, शो में एक दिलचस्प मोड़ आया है, क्योंकि युविका (अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत) को प्रेमराज (अक्षय आनंद) की मां, देवयानी (लीना बलोदी) के बारे में एक चौंकाने वाला सच पता चलता है। देवयानी से मिलने के दौरान, युविका अप्रत्याशित



रूप से एक जानलेवा दुर्घटना का शिकार हो जाती है, जिससे वह गंभीर खतरे में पड़ जाती है। हसीना मलिक (गुल्की जोशी द्वारा अभिनीत) तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचती है और युविका को अस्पताल ले जाती है। डॉक्टर उसका इलाज करना शुरू करते हैं, और महाजन परिवार में सभी को जल्द ही दुर्घटना के बारे में पता चलता है। भूमि (गुरदीप पुंज) टूट जाती है और अस्पताल भागती है। भानुप्रताप (पुनीत इस्सर) और धनराज (गिरीश सहदेव) युविका को महाजन के अस्पताल ले जाने का सुझाव देते हैं, लेकिन भूमि इससे सहमत नहीं हैं। उसे चिंता है कि उसकी बेटी के साथ कुछ बुरा हो सकता है, संभवतः प्रेम की मृत्यु की तरह। धनराज भूमि को अपना मन बदलने के लिए मनाने की कोशिश करता है, जिससे उसके और हसीना के बीच बहस शुरू हो जाती है। आगामी एपिसोड में दर्शक देखेंगे कि कैसे युविका की अनुपस्थिति में हसीना भूमि की समर्थक के रूप में सामने आती है। यह देखना दिल को छू लेने वाला होगा कि कैसे हसीना भूमि के जीवन में एक सच्ची बेटी की तरह देखभाल करने वाली और समर्थक भूमिका निभाती है।

**लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या युविका इस दुर्घटना से उबर पाएगी और क्या अस्पताल में उसे और भी समस्याएं हो सकती हैं?** युविका का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, ÷दिल्ली में युविका अपने पिता की मृत्यु के बारे में परेशान करने वाली सच्चाइयों को उजागर करने की निरंतर यात्रा पर निकली हुई है। प्रेम की असली मां के खुलासे ने महाजन परिवार पर से उसके भरोसे को तोड़ दिया है। जैसा कि युविका एक जानलेवा दुर्घटना का सामना करती है, दर्शक अभूतपूर्व सीक्वेंस की उम्मीद कर सकते हैं, जिससे वह रहस्य के करीब पहुंचेगी। फिर भी, सवाल यह है कि क्या वह अपनी अंतिम मंज़िल तक पहुंच पाएगी, या महाजन परिवार के भीतर से एक और चुनौती पैदा होगी? दुर्घटना के इस सीन का फिल्मांकन भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था, और मुझे उम्मीद है कि हमारे दर्शक यह देखने के लिए तैयार रहेंगे कि युविका की सच्चाई की खोज कैसे सामने आती है।

## अंगद हसीजा अहंकारी पारस दुर्रानी की भूमिका निभाएंगे

सोनी सब का आगामी शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' दो लोगों के बीच एक असाधारण प्रेम कहानी बताती है, जिसमें ईशा शर्मा और निशांत मलकानी, क्रमशः पश्मीना और राघव का किरदार निभाते हैं, जो पूरी तरह से अलग पृष्ठभूमि से आते हैं। कश्मीर में श्रीनगर और गुलमर्ग की लुभावनी पृष्ठभूमि में फिल्माया गया, यह शो छोटे पर्दे पर एक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है, जो अपने दर्शकों के लिए वास्तव में कुछ खास पेश करेगा। शो में अंगद हसीजा एक अमीर युवक पारस दुर्रानी की भूमिका में हैं, जो ईशा शर्मा अभिनीत किरदार पश्मीना के प्रति गहरा लगाव रखता है। पारस सुख-सुविधाओं से समृद्ध युवा है, जिसका आचरण भी आत्मविश्वास से भरपूर है, जो किसी भी चुनौती पर विजय पाने की अपनी क्षमता में विश्वास करता है। पश्मीना के साथ घनिष्ठ मित्रता बनाए रखते हुए, वह खुले तौर पर उसके प्रति



अपना प्रेम व्यक्त करता है, क्योंकि उसे विश्वास है कि पश्मीना की इस अभिव्यक्ति के प्रति उदासीनता उसके शर्मीले स्वभाव के कारण है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, यह देखना दिलचस्प हो जाता है कि पारस का किरदार कैसे परिवर्तन से गुज़रता है और कैसे वह पश्मीना और राघव की प्रेम कहानी में संभावित उथल-पुथल ला सकता है। पारस दुर्रानी की भूमिका निभा रहे, अंगद हसीजा ने कहा, ÷मैं पारस की भूमिका निभाने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं, जो कश्मीर में पला–बढ़ा एक अमीर युवक है। पारस को यकीन है कि वह पक्का लोकल है और अपना रास्ता निकालने का आदी है। लेकिन वह जितना दिखता है उससे बढ़कर है, और इस बहुआयामी किरदार को निभाना एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए चुनौती और रोमांच दोनों की बात है। मैं दर्शकों को यह दिखाने का इंतज़ार नहीं कर सकता कि पारस का किरदार पश्मीना और राघव की प्रेम कहानी में कुछ अप्रत्याशित मोड़ कैसे लाएगा।

# पारिवारिक ड्रामा,रोमांस,एक्शन. इमोशन से भरपूर छत्तीसगढ़ी फिल्म सिंदूर

**रायपुर।** श्री प्रेम कीर्तन प्रोडक्शन में बनी निर्माता कृष्ण कुमार साहू,एवं राजेश तिवारी निर्देशित इस फिल्म की कहानी पटकथा संवाद राजेश तिवारी जी का है फ़िल्म के एसोसिएट डायरेक्टर एवं प्रोडक्शन मैनेजर युवराज साहू है विशुद्ध परिवारिक फीचर फिल्म सिंदूर लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई थी तथा छत्तीसगढ़ के जनता जनार्दन इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे है द्य फिल्म सिंदूर को आगामी माह 27 अक्टूबर में छत्तीसगढ़ के अधिकतम सिनेमा घरों में रिलीज किया जाएगा फिल्म में नायक,अजय साहू छत्तीसगढ़ी फ़िल्म में अपना कैरियर डेब्यू करने जा रहे है हेरोइन अनिता बरेठ ,रूपा चौधरी , जागेश वर्मा, प्रदीप शर्मा ,उपासना वैष्णव धर्मेंद्र चौबे राजेश बागमारे , हेमलाल कौशल, लता रही, सुनील साहू, कुश पटेल, योगानंद पन्ना, पिंकी साहू, दिया




फेकर पकलू 85, रंजीत साहू, नरेंद्र सरकार,मोहन चौहान, झरनेश यादव, अनिल किल्लर, लूरु कॉमेडियन जैसे कई हास्य कलाकार भी अपने अभिनय को प्रस्तुत किए हैं, और हमारी इस फिल्म के खतरनाक विलेन के रूप में अजय पटेल नजर आएंगे एवं सहायक निर्देशिका अनुपम मनहर एवं पोस्ट प्रोडक्शन कामना फिल्म्स( बिलासपुर) ने किया मेकअप प्रवीण सिंह एवं कैमरे की कमान छत्तीसगढ़ के दबंग केमरामेन राज ठाकुर ने संभाली इस फिल्म में गीत व संगीत विक्की जेस तथा नवीन साहू का है ,सिंदूर फिल्म के निर्माता कृष्ण कुमार साहू का कहना है कि फिल्म सिंदूर दर्शक के सामने अच्छी प्रस्तुति देने के लिए तैयार है हमारी फिल्म सिंदूर के गाने SPK Films YouTube चैनल पर देख सकते हैं द्य हमारे फिल्म के गानों में मिलनयन व्यू आ रहे है हाल ही में अपने फिल्म के चैनल में टीज़र डाले है जिसको भी दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है !

# 'हप्पू की उलटन-पलटन' के योगेश त्रिपाठी चले गोविंदा की राह पर!

योगेश त्रिपाठी एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका के लिये लोकप्रिय हैं और अपनी सटीक कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का मनोरंजन कर उन्हें लगातार खुश करते रहे हैं। नई कहानी में हम उन्हें मनोरंजक स्थितियों में देखने वाले हैं। कहानी के आगामी हिस्से में वह डबल रोल करते नजर आएंगे। कहानी के इस दिलचस्प मोड़ के बारे में बात करते हुए, योगेश त्रिपाठी, यानि दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''हप्पू का हमशक्ल मुत्थु कमिश्नर से अपनी पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिये हप्पू का अपहरण कर लेता है। खुद को हप्पू बताकर मुत्थु उसके घर में घुस जाता है। वह बार-बार कमिश्नर को मारने की कोशिश करता है, लेकिन हर बार विफल होता है। इस बीच राजेश उसे रिझाने की कोशिश करती है, लेकिन वह बहाना बनाकर उसे अपने पास नहीं फटकने देता है। उसका अजीब बर्ताव परिवार के सभी लोगों को शंका मे डाल देता है। इस बीच, असली हप्पू अपने अपहरणकर्ता के चंगुल से छूट निकलने में कामयाब हो जाता है। हप्पू और मुत्थु को एक साथ देखकर परिवार को झटका लगता है और सभी चैंक जाते हैं।''डबल रोल करने पर खुश नजर आ रहे योगेश ने बताया कि उनके चहेते एक्टर गोविंदा ने कैसे उन्हें यह चुनौती लेने के लिये प्रेरित किया, ''मैं गोविंदा का बड़ा फैन रहा हूँ। और मैंने उनकी सारी फिल्में देखी हैं। वह बॉलीवुड के ऐसे एक्टर हैं, जिन्होंने कई बार डबल रोल किये हैं। मैं बार-बार उनकी फिल्में देखा करता था और हमेशा से डबल रोल करना चाहता था। हाल ही में यह कहानी आई और मुझे लगा कि एक कलाकार के तौर पर अपनी सीमाओं को जानने और अपना दायरा बढ़ाने के लिये यह शानदार मौका है। मैंने हप्पू के हमशक्ल मुत्थु की भूमिका निभाई और वह अनुभव वाकई मजेदार था। एक्टर्स आमतौर पर दो अलग किरदार निभाने में थक जाते हैं, क्योंकि उन्हें अलग तरह के कपड़े



पहनकर दोनों भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। यह एक लंबा और थकाने वाला काम होता है। इसी तरह, एक ही दिन में बुंदेलखण्डी बोली वाले हप्पू और दक्षिण भारतीय बोली वाले मुत्थु का किरदार निभाना मेरे लिये मुश्किल था। डबल रोल में गोविंदा के शानदार परफॉर्मेंसेस ने मुझे बहुत प्रेरित किया। सच कहूं तो मैं हमेशा से यह करना चाहता था और इसलिये यह अनुभव मेरे लिये यादगार और मुझे सिखाने वाला रहा। मैं कहूंगा कि मैंने साउथ इंडियन लुक का बड़ा मजा लिया। अंगवस्त्रम और धोती पहनना मेरे लिये ताजगी से भरा अनुभव था। मुझे अलग-अलग तरह की चीजें करना पसंद है और कोई भी कहानी, जिसमें मुझे अपनी सीमाओं को परखने का मौका मिलता है, उसे करने में मुझे बड़ी खुशी मिलती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि हप्पू के डुप्लीकेट वाली इस मजेदार कहानी पर दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।''

## इंडियन आइडल ने भारतीय मनोरंजन परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रशंसित गायन रियलिटी शो, इंडियन आइडल ने भारतीय मनोरंजन परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है, और देश के सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित गायन रियलिटी शो में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। और अब, चैनल दर्शकों के लिए इंडियन आइडल सीजन 14 लाने के लिए तैयार है, जो फ्रेमेंटल इंडिया द्वारा निर्मित




म्यूजिक का सबसे बड़ा त्योहार होने का वादा करता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्रेया घोषाल, बॉलीवुड के मेलोडी किंग कुमार शानू और मशहूर संगीतकार/गायक और कलाकार विशाल ददलानी जज पैनल बनाने के लिए एक साथ आए हैं, जो देश भर से चुने गए महत्वाकांक्षी गायकों की कच्ची प्रतिभा का पोषण करेंगे। सीज़न 14 के लिए मेजबान के रूप में हुसैन कुवाजेरवाला की वापसी हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 से, गायन रियलिटी शो हर शनिवार और रविवार रात 8ः00 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। अनूठी आवाजों के साथ, जो भावनाओं की एक श्रृंखला पैदा करने की ताकत रखती हैं, शो का मूलमंत्र एक आवाज, लाखों एहसास निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगा; इस सीज़न में प्रतिभागियों को ऐसी कहानियाँ मिलेंगी जो मनोरंजन, दिलचस्प और प्रेरणादायक होंगी और वे अपनी गायन क्षमता से जजों को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। सर्वोत्कृष्ट गायिका श्रेया घोषाल सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ को खोजने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और जब भी प्रतियोगी लड़खड़ाएंगे तो वे न केवल उनका परीक्षण करेंगी बल्कि उन्हें सुधारेंगी और उदाहरण पेश करेंगी।

# परिवा प्रणति गंजा लुक अपनाकर भावुक हो गई

सोनी सब पर वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से÷ आम आदमी के सामने आने वाली रोज़मर्रा की चुनौतियों को दर्शाने वाला एक पारिवारिक ड्रामा है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि कैसे वंदना (परिवा प्रणति द्वारा अभिनीत) को ब्रेस्ट कैंसर का निदान किया गया और उसने इलाज जारी रखने का फैसला किया। कैंसर का नाम सुनते ही अक्सर डर लगने लगता है और कलंक का भय सताने लगता है, जिससे व्यक्ति पीड़ित होता है और उसका परिवार असहाय और निराशा महसूस करता है। यह शो इन चुनौतियों पर चर्चा करता है और दर्शकों को ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी वर्जनाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ब्रेस्ट कैंसर एक संवेदनशील विषय है जिससे अत्यधिक सावधानी से निपटा जाना चाहिए और एक शो के रूप में, वागले की दुनिया उससे जुड़ी भावनाओं और संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए काफी ज़िम्मेदारी और प्रतिबद्धता की बड़ी भावना के साथ इस पर प्रकाश डालता है। आगामी एपिसोड्स में दर्शक वंदना पर कीमोथेरेपी के प्रतिकूल प्रभावों को देख सकते हैं, जिस कारण से उनके बाल झड़ने लगे। इस व्यापक परिवर्तन को प्रोस्थेटिक्स से सटीक रूप से क्रियान्वित किया गया है, जिसके लिए हर छोटे पहलू पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया।



पूरे फिल्मांकन के दौरान, परिवा ने अपनी भूमिका के साथ न्याय करने का बहुत ध्यान रखा, और एक विषय के रूप में ब्रेस्ट कैंसर की संवेदनशील प्रकृति पर खास ध्यान दिया। उन्होंने दर्शकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सटीक भावनाओं को प्रदर्शित किया।

वंदना वागले की भूमिका निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, ÷कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहद भावनात्मक और पूरी तरह से नई यात्रा थी। उन सींस की तैयारी के दौरान जहां मुझे गंजा दिखना था, मैंने काफी शोध किया कि कीमोथेरेपी की प्रक्रिया में क्या होता है और रोगी पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। यह सेट पर सभी के लिए काफी उतार–चढ़ाव भरा सफर था क्योंकि मेरी उपस्थिति ने हर किसी में मजबूत भावनाएं पैदा की थीं। फिर भी, मुझे ऐसा किरदार निभाने पर गर्व है जो महिलाओं से संबंधित ऐसी समस्याओं से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, ÷एक अभिनेत्री के रूप में, प्रोस्थेटिक्स को अच्छे से लगाना चुनौतीपूर्ण अनुभव था। इसमें काफी समय लगना था और इसे निष्पादित करने की लंबी प्रक्रिया थी। हालांकि, इसके अलावा, हमारी शूटिंग शुरू होने पर असली चुनौती सामने आई। तापमान को ठंडा रखना पड़ता था, नहीं तो प्रोस्थेटिक्स पिघलना शुरू हो जाते; जिस कारण से सेट पर सभी के लिए चुनौती खड़ी हो गई, क्योंकि हमें प्रोस्थेटिक्स के साथ 12 घंटे से अधिक समय तक शूटिंग करनी थी।

## हितेन तेजवानी अविनाश शर्मा की भूमिका निभाएंगे एक पर्यटक जिसका कश्मीर में अतीत है

सोनी सब का आगामी शो, 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' प्यार की एक मनोरम कहानी पेश करता है। यह मंत्रमुग्ध कर देने वाली कहानी कश्मीर की



आकर्षक घाटी की आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि में सामने आती है, जो दर्शकों को इस क्षेत्र की सुंदरता में डुबो देती है। ईशा शर्मा और निशांत मलकानी क्रमशः पश्मीना और राघव के किरदारों में जान फूंक रहे हैं, जो प्यार लेकर अलग-अलग नज़रिया रखते हैं, फिर भी वे भाग्य से एक साथ बंधे हैं। इस कहानी में एक दिलचस्प ट्विस्ट लाते हुए, हितेन तेजवानी ने अविनाश शर्मा की भूमिका निभाई है, एक किरदार जो अपने आत्म-केंद्रित स्वभाव के साथ नियंत्रण रखने और प्रभाव डालने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है। उसका राघव के साथ गहरा रिश्ता है और उसका दृढ़ विश्वास है कि राघव के परिवार में उसकी भूमिका अपूरणीय है। अविनाश शर्मा की भूमिका निभा रहे, हितेन तेजवानी ने कहा, ÷अविनाश के किरदार को निभाना रोमांचकारी और बहुत अपेक्षाओं से भरा दोनों है क्योंकि इस किरदार में महत्वाकांक्षा और चालबाज़ी दोनों से भरपूर पहलू हैं। ग्रे शेड वाला किरदार निभाना काफी दिलचस्प होता है, और यह मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए नया अनुभव है, जिन्होंने मुझे पहले टेलीविज़न पर इस तरह की भूमिका में नहीं देखा है। दर्शकों को यह दिखाना भी दिलचस्प होगा कि अविनाश के अतीत की सच्चाई क्या है और कैसे कश्मीर उनके जीवन में एक बड़ी प्रासंगिकता रखता है।

# इंडियाज़ गॉट टैलेंट में शिल्पा शेट्टी का अबूझमाड़ मलखंब ग्रुप को सलाम



हर सप्ताह, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के टैलेंट-आधारित रियलिटी शो, इंडियाज़ गॉट टैलेंट ने देश की कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुत विविध एक्ट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। जैसे-जैसे प्रतियोगिता की तीव्रता बढ़ेगी, प्रतियोगी शो में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए आगामी 'विश स्पेशल' एपिसोड का मजा बढ़ाएंगे। इस वीकेंड 'थैंक यू फॉर कमिंग' के कलाकार - भूमि पेडनेकर, शहनाज़ गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह और शिबानी बेदी भी शो में नज़र आएंगी। वे न सिर्फ परफॉर्मेंस का मजा लेंगे बल्कि शो में अपना रहस्यमय आकर्षण भी जोड़ देंगे! इस वीकेंड 'यारियां 2' के कलाकार - दिव्या खोसला कुमार, मीज़ान जाफ्री और पर्ल वी पुरी भी एपिसोड में नज़र आएंगे, जो शो का शानदार टैलेंट देखकर दंग रह जाएंगे।

छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप एक बार फिर 'बंदेया रे बंदेया' की भावपूर्ण धुन पर अपने अद्भुत मल्लखंब एक्ट से सबका मन मोह लेगा, जो छत्तीसगढ़ से इंडियाज़ गॉट टैलेंट के मंच तक की उनकी यात्रा को दर्शाएगा। उनके लुभावने प्रदर्शन से आश्चर्यचकित होकर, जज बादशाह ने कहा, इस प्रदर्शन को देखने के बाद मेरे पास शब्द नहीं हैं। अबूझमाड़ मलखंभ समूह, आप हमारी सभी उम्मीदों पर न सिर्फ खरे उतरे बल्कि उनसे आगे भी बढ़े। मैंने पहले किरण मैम को आपके स्टंट से डरते हुए देखा है, लेकिन आज, आप शिल्पा मैम को भी डराने में कामयाब रहे। आपने हमें दिन के उजाले में तारे दिखा दिए। मैं आपके जज़्बे को तहे दिल से सलाम करता हूं। न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि इंडियाज़ गॉट टैलेंट में भी आपका योगदान बेमिसाल है।''

इस परफॉर्मेंस से भावुक होकर शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने उन्हें दिल से सलाम किया और कहा, इस एक्ट ने मुझे भावनात्मक रूप से छू लिया है। मैं उन संघर्षों से अवगत हूं जो आप सभी को इंडियाज़ गॉट टैलेंट तक पहुंचने के लिए सहने पड़े। हर बार जब आप इस मंच पर कदम रखते हैं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि आप और क्या कर सकते हैं, और आप हर बार मुझे हैरान करने में कामयाब होते हैं। मैं आपके जज़्बे का कायल हूं; यह वास्तव में प्रेरणादायक है। कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि सफलता के लिए आपकी ललक प्रशंसनीय है। मैं जानता हूं कि आप छत्तीसगढ़ को सम्मान दिलाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। आप जो दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हैं, वो मुझ पर गहराई से प्रभाव डालता है। मैं दर्शकों से विनम्रतापूर्वक आपके पक्ष में वोट देने का आग्रह करता हूं।''

एक्टर पर्ल वी पुरी आगे समूह की सराहना करते हैं और होस्ट अर्जुन बिजलानी से कहते हैं, मुझे तुमसे जलन हो रही है, अर्जुन (बिजलानी), क्योंकि तुम्हें इन सभी उत्कृष्ट एक्ट्स को लाइव देखने का मौका मिलता है। जैसा कि शिल्पा मैम ने कहा, अबूझमाड़ मलखंब समूह, अपनी पहचान बनाने की आपकी लगन बेशक सराहनीय है। मीज़ान और मैं दोनों नियमित रूप से कसरत करते हैं, इसलिए हम समझते हैं कि इस तरह के मलखंब प्रदर्शन को करने के लिए पैरों की अपार ताकत की आवश्यकता होती है। आप लोगों को सलाम! इस शानदार एक्ट के बाद, मीज़ान जाफ्री और पर्ल वी पुरी ने हिट ट्रैक देसी बॉयज़ पर शानदार प्रदर्शन के साथ तापमान बढ़ा दिया। लेकिन आश्चर्य यहीं नहीं रुकता! अबूझमाड़ समूह भी अपनी क्लासिक मलखंब शैली में बादशाह को विशेष श्रद्धांजलि देगा।



## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे: कलाकारों ने मानसिक सेहत के लिये दिए बेहतरीन सुझाव

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं पर जागरुकता फैलाने के लिये 10 अक्टूबर को वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है। इस खास अवसर पर, एण्डटीवी के कलाकार हर किसी से मानसिक सेहत को सबसे ज्यादा



प्राथमिकता देने का आग्रह कर रहे हैं और अच्छी मानसिक स्थिति बनाये रखने के सम्बंध में जानकारी दे रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं मोहित डागा ('दूसरी माँ' के अशोक), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)। 'दूसरी माँ' में अशोक बने मोहित डागा ने कहा, ''एक वक्त मैंने बॉडी शेमिंग का सामना किया था और मैं परेशान एवं गुस्सा होकर अवसाद में चला गया था। ठीक होने के लिये मैंने खुद से प्यार करने को जीने का एक तरीका बना लिया और मुझे मन की शांति पाने में मदद मिली। मैंने अपनी मानसिक सेहत को बेहतर बनाने के लिये ध्यान करना और पढ़ना शुरू किया। ध्यान अथवा मेडिटेशन से मैं खुद को ईश्वर के करीब पाता हूँ और मजबूत जुड़ाव बना लेता हूँ। इस तरह से ध्यान मेरी रोजाना की जिन्दगी का एक अटूट हिस्सा है। मैं ध्यान के लिये अच्छा वक्त निकालता हूँ, चाहे घर हो या सेट, क्योंकि इससे मुझे मजबूत और एकाग्र बने रहने में मदद मिलती है और मैं ज्यादा बेहतर जिंदगी जी पाता हूं। मेरा पक्का मानना है कि खुशी पाने के लिये अपनी सच्चाई को बनाये रखना बेहद जरूरी है। सभी को मेंटल हेल्थ डे की शुभकामनाएं।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''मेरी तंदुरुस्ती सिर्फ दिखाने के लिये नहीं है; इसका मतलब मन की शक्ति बढ़ाने और दिमाग को शांत रखने से है। स्वस्थ दिमाग निश्चित रूप से मजबूत शारीरिक सेहत का आधार होता है। दुर्भाग्य से, मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर शारीरिक स्वास्थ्य से कम आंका जाता है। कई लोग इसके संकेतों को नकारते हैं और डर या शर्म के कारण मदद नहीं लेते हैं और हमें इस सोच में बदलाव करने की जरूरत है। भाग-दौड़ वाली हमारी जिन्दगी में कभी-कभी धीमे चलना भी महत्वपूर्ण होता है। मैंने अपनी रोजाना की जिन्दगी में नियंत्रित श्वसन के अभ्यास और ध्यान को शामिल किया है। इससे मुझे एकाग्र बने रहने में मदद मिलती है, मुझमें सकारात्मकता आती है और मेरा तनाव दूर हो जाता है। यह एक निर्णायक जरिया है, जिसने मैं आशावादी बने रहने के साथ ही विभिन्न चुनौतियों से निपट पाता हूं। इस वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर, आइये हम अपने से जुड़े लोगों की परवाह करने और उनके व्यवहार में बदलाव पर पैनी नजर रखने का वादा करें।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''मैं तनाव से बचने के लिये जिन्दगी और काम के बीच सही संतुलन रखने की कोशिश करती हूँ। योग करना, अच्छी किताबें पढ़ना या किसी फिल्म का मजा लेना जीवन के तनावों से दूर रहने में मेरी मदद करता है। मैं योग करने और पढ़ने के लिये प्रतिबद्ध रहती हूँ, ताकि मेरा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहे।

## एयरटेल ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के लिये स्पेशल प्लान्स की घोषणा की

**नई दिल्ली।** जैसा कि आज से देश भर में क्रिकेट के प्रति दीवानगी छा रही है, एयरटेल ने अपने ग्राहकों के लिये विस्तृत फायदों के साथ स्पेशल क्रिकेट प्लान्स की घोषणा की है। सारे प्रीपेड ग्राहकों के लिये एयरटेल ने एक खास डाटा पैक लॉन्च किया है, ताकि मैचों की स्ट्रीमिंग करते वक्त ग्राहक कनेक्टेड रहें और उनका डाटा खत्म न हो। एयरटेल डीटीएच स्पेशल रिचार्ज ऑफर्स के लिये स्टार के साथ गठजोड़ कर रहा है। कंपनी ने ग्राहकों के लिये स्टार स्पोर्ट्स के पोर्टफोलियो से चैनलों को ऐड करने की प्रकिया भी आसान बना दी है। एयरटेल एक्सट्रीम बॉक्स पर ग्राहकों के लिये एक क्विक-ऐक्सेस प्रोमो-रेल चलाई जा रही है, ताकि वे क्रिकेट मैच के प्रसारण को तुरंत अपनी पसंदीदा भाषा में चला सकें। सोशल कैम्पेन ः क्रिकेट के प्रति दीवानगी बढ़ाने के लिये एयरटेल एक सोशल मीडिया कैम्पेन लॉन्च कर रहा है और क्रिकेट के सभी दीवानों के लिये अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स को सक्रिय कर रहा है।

# नुक्कड़ सभा में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा

## ग्राम पेंटा में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**सुकमा 8 अक्टूबर।** माननीय कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा जी का ग्रामवासियों के द्वारा ढोल नगाढा बजाकर आत्मीय स्वागत वंदन किया गया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आज अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, वन अधिकार पट्टा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व कोर्रापहाड़ गया था जँहा पहले बिजली, स्कूल नही था वँहा मोटर साईकल से गया था आज भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार के प्रयास से इस गांव में आज बिजली, स्कूल, आंगनबाड़ी चल रही है जल्द ही सड़क का भी निर्माण किया जायेगा। आज कोर्रापहाड़ बदल रहा है।



अभी आप लोगो को कैसा लग रहा है ? लोगो ने नक्सल का प्रभाव का कम होना बताया। पहले राशन कार्ड काटने का काम किया जाता था आज सभी का राशन कार्ड बनाने के साथ ही वितरण करने का काम किया जा रहा है। पहले लोग घर से निकलने में डरते थे, आज लोग कहि भी आ जा सकते है। रोड बनाने की बात पर उन्होंने कहा की, अंदर वालो से हम डरने वाले नही है।

उन्होंने आगे कहा की आज के समय मे रोड पुल बनाना अवश्य है। सड़क बनने से ही आपके गांव में विकास पहुँचेगा। एम्बुलेंस, दवाई, सामना, हॉस्पिटल जाने के साथ ही दुसरे गांव से जुड़ने के लिए रोड बहुत जरूरी है। टेट्राई जाने के लिए पक्की सड़क न होने के कारण गाड़ी नही पहुँच पाती है। एर्राबोर में टेट्राई के लिए सड़क की घोषणा मैने किया था जिसे दिसम्बर से मई तक मे रोड निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। मेड़वाई का रोड प्रस्तावित हैं, रेगडगट्टा का रोड का निर्माण चल रहा है आने वाले समय मे सड़क मार्ग होते हुए गाढ़ी से जाऊंगा। उन्होंने कहा की बारूवाड़ा का पुल, एर्राबोर के सबरी नदी में पुल बनाने का काम किया जायेगा। आज हमारी सरकार भूमिहीन किसानों, गायता, पुजारी, हाथपरिया, मांझी, चालकी, कोटवार आदि को सात हजार रुपये सालाना दी जा रही है 2640 में धान की खरीदी की जा रही है। आने वाले समय मे 3000 रुपये में धान की खरीदी की जायेगी। रोड , पल5 निर्माण के साथ ही गरीब आदिवासियों के जेब मे सरकार की जनकल्याणकारी योजनों के माध्यम से पहुचाने का काम किया जा रहा है।

आज उचित मुल्य पर कोदो का रेट 3200 तथा कोसरा का 3500 में खरीदी की जा रही है। अंदरुनी क्षेत्रो जैसे गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुंडा में हॉस्पिटल, आधारकार्ड, राशन कार्ड बनाये का काम कांग्रेस की सरकार कर रही है। सड़क निर्माण, पुल निर्माण, थाना व कैम्प का विरोध करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी को वोट मांगने का अधिकार नही है, विकास विरोधी लोगो को वोट नही देना चाहिए। सड़क, धान ख़रीदी, तेंदुपत्ता आदि के बारे में बात नही करती है, सीपीआई को वोट देने से विकास नही होगा।

पहले केवल कोंटा विधानसभा में एक मात्र तहसील हुआ करता था, सुकमा जिला बनने के बनने के बाद आज हमारी सरकार में गादीरास, तोंगपाल, छिंदगढ़, केरलापाल, दोरनापाल, जगरगुंडा में तहसील बनाने का काम किया गया। आज महंगाई दिनों दिन बढ़ते जा रही है, आज खाने पीने के समान से लेकर पहनने के कपड़ो में त्रस्ञ्ज लग रही है जिससे व्यापारी वर्ग से लेकर गरीब आदमी परेशान हो रही है। हम नही कहते की त्रस्ञ्ज नही होनी चाहिए, बड़े वर्ग के व्यापारियों को त्रस्ञ्ज लगना चाहिए न की गरीब लोगों को। महंगाई खत्म करने के लिए कांग्रेस को वोट देना है। सुकमा जिले को तेंदुपत्ता में 50 करोड़ का मुनाफा हुआ अगले साल इसे बढ़ाकर 60 करोड़ करना है।

उन्होंने कहा की मुझे पूरी उम्मीद है दो महीने के बाद होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर प्रचंड बहुमत से पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान निभाएंगे।इसके साथ ही माननीय मंत्री कवासी लखमा जी के द्वारा विधायक निधि स्वेक्षानुदान के तहत 21 लोगो को 01 लाख 20 हजार की राशि का चेक का वितरण किया गया।

एक नजर

### नवाचार के तहत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन



**सुकमा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों की शिक्षा को रोचक और सरल बनाने के लिए कबाड़ से जुगाड़ तैयार कर नवाचार शिक्षण सामग्री से संबंधित जुगाड़ और गणित विज्ञान माडल प्रदर्शनी सह-पुस्तक मेला कार्यक्रम आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एजुकेशन सिटी सुकमा में लगाई गई थी। इस नवाचार के तहत् शिक्षक-शिक्षिकाएं एफएलएन से संबंधित भाषाई कौशल, गणितीय कौशल, खिलौना आधारित, अनुभव आधारित, सीखने हेतु कठपुतली, मुखौटे आधारित पॉकेट बोर्ड चित्र, कहानियां, पुस्तकें सहित अन्य डिजिटल सामग्रियों से संबंधित जुगाड़ के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को रोचक और सरल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एजुकेशन सिटी सुकमा में प्रदर्शनी सह जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेला प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था। जिसका अवलोकन नितिन दंडसेना जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री एसएस चौहान डीएमसी समग्र शिक्षा सुकमा ने किया। बच्चों की शिक्षा को रोचक एवं सरल बनाने के लिए कबाड़ से तैयार सामग्रियों का अवलोकन के दौरान शिक्षकों की मुख्य अतिथि ने प्रशंसा भी की। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंड से चयनित प्रोजेक्ट,चयनित बच्चों संबंधित विकासखंड के अधिकारी ,शिक्षक एंव बच्चें उपस्थित थे।

### आकांक्षी विकासखण्ड कोंटा में संकल्प सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**सुकमा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज आकांक्षी ब्लॉक कोण्टा में 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं 'शिक्षा मेला' का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बी.ई.ओ. राव के मार्गदर्शन में सभी स्कूलों में श्रेष्ठ शिक्षक व विद्यार्थी अवार्ड कार्य॰म, डिजिटल साक्षरता, निबंध व चित्रकला, सीखने का आनंद, स्कूल क्लब, बालिका शिक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गई। कार्यक्रम हाईस्कूल दुब्बाटोटा, स्वामी आत्मानन्द विद्यालय दोरनापाल, स्वामी आत्मानन्द विद्यालय एर्राबोर, स्वामी आत्मानन्द विद्यालय कोंटा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा, बालक आवासीय विद्यालय पोटा केबिन कोंटा एवं बालक आवासीय विद्यालय पोटा केबिन मरईगुडा में कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोंटा, सभी प्राचार्य, संस्था के सभी शिक्षक व विद्यार्थी और पीपीआईए एवं पीरामल फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे।

### 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

**सुकमा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य टीम के द्वारा आज दिनाँक 7/10/23 को सीएमएचओ.महेश सांडिया सर तथा सिविल सर्जन अभय सिंह तोमर सर के आदेश अनुसार तथा श्री भास्कर चौधरी सर तथा नोडल श्री महादेव बारसे सर के मार्गदर्शन में डीएमएचपी टीम साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा सीआरपीएफ 226 बटालियन के 100 जवानों को तनाव और तनाव के लक्षण, व इससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

# अपर सीईओए जीईएम एसपीवी ने एनएमडीसी को सम्मान प्रदान किया

**हैदराबाद 8 अक्टूबर।** श्री अजित बी चव्हाण, अपर सीईओए जीईएम एसपीवी ने एनएमडीसी को सम्मान प्रदान किया और भारत के लिए खनिज सुरक्षा और आर्थिक शक्ति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए खनन कंपनी को बधाई दी।

एनएमडीसी भारत सरकार की सर्वोच्च सम्मानित और विश्वसनीय कंपनियों में से एक है। लगभग सात दशकों से कारोबार मेंए पीएसई 1960 के दशक से खनिज संसाधनों की गवेषण और उत्पादन कर रहा है। एनएमडीसी ने निरंतर कई वर्षों से अपनी असाधारण भौतिक और वित्तीय वृद्धि के लिए 2008 में नवरत्न का दर्जा प्राप्त किया।



इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि श्यह उस टीम के लिए है जो प्रतिदिन निरंतर भारत के लिए बेहतर भविष्य की खोज करती है। एनएमडीसी की कल्पना भारत की औद्योगिक क्रांति को सक्षम बनाने के लिए की गई थी और हम राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका के प्रति गहराई से चिंतन करते हैं। भारत के अमृत काल में प्रवेश के साथ ही एनएमडीसी एक जिम्मेदार खएनएमडीसी ने डी एंड बी पीएसयू पुरस्कार 2023 में किया शानदार प्रदर्शन

हैदराबादए 7 अक्टूबरए 2023रू सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनीए एनएमडीसी ने शुक्रवार को दिल्ली में डी एंड बी पीएसयू समिट 2023 में नवरत्न पुरस्कार और माइनिंग मिनरल्स पुरस्कार प्राप्त किया। कंपनी के सीएमडी अतिरिक्त प्रभारद्ध श्री अमिताभ मुखर्जी एवं निदेशक उत्पादन श्री दिलीप कुमार मोहंती नन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ हमारे क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं बदलाव के लिए तैयार है।

# पीएससी के घोटालेबाजों को बचाने की कोशिश में लगी है कांग्रेस: सुदीप झा

**नारायणपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के घोटालेबाजों को बचाने की पुरजोर कोशिश करने लगे हैं। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुदीप झा ने पीएससी घोटाले में कांग्रेस सरकार की संलिप्तता बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एक जगह कहते हैं कि पीएससी घोटाले के संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है और शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई करेंगे। दूसरी तरफ सक्ती के कार्यक्रम में दावा करते हैं कि पीएससी में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब मुख्यमंत्री पहले यह बताएं कि क्या सरकार ने पीएससी की गड़बडियों को लेकर किसी जांच की घोषणा की है? जब जांच हो ही नहीं रही है तो दोषी कौन पाए जाएंगे? रही बात शिकायत मिलने की तो मामला हाइकोर्ट तक पहुंच चुका है, मीडिया में गड़बडियों के कई किस्से आ चुके हैं। इसके बाद उन्हें किससे और कैसी शिकायत का इंतजार है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री और कांग्रेस पीएससी घोटाले को ठंडे बस्ते में डालकर रफादफा कर दोषियों को बचाने का प्रयास ही कर रहे हैं। झा ने कहा कि पीएससी का परिणाम आने के बाद ही यह सच्चाई सबके सामने आ गई थी कि सरकारी भर्ती में पैसा और भाई भतीजावाद का बोलबाला है। मुख्यमंत्री से जब पत्रकारों और भाजपा ने सवाल किया तब भूपेश बघेल ने इस विषय को हल्के में लिया था। इस कारण भी प्रदेश की भूपेश सरकार के द्वारा ठगे गए लाखों युवा अक्रोशित हैं। इस बात की चिंता जब माननीय उच्च न्यायालय ने जताई तब भी भूपेश सरकार ने सीजीपीएससी की गड़बडियों की जांच करने की कोई घोषणा नहीं की। वे कहते रहे, कोई शिकायत उन्हें गड़बड़ी की प्राप्त नहीं हुई है।



### बादल अकादमी आसना में राज्य स्तरीय अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम प्रशिक्षण-कार्यशाला आयोजित

**जगदलपुर,8 अक्टूबर।** जगदलपुर के बादल संस्था में राज्य स्तरीय अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम के अगले चरण की तैयारी के लिए राज्य के समस्त जिलों से आए लगभग 60 से अधिक शिक्षिकाओं सहित कोर ग्रुप तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्यों की आपस में चर्चा हुई । उक्त कार्यक्रम में बस्तर जिले के जगदलपुर के डीएमसी श्री अखिलेश मिश्रा, एपीसी श्री अखिलेश त्रिपाठी और सभी बीआरसी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में रायपुर समग्र शिक्षा कार्यालय रायपुर से श्री ताराचंद जायसवाल तथा समग्र शिक्षा एपीसी श्री राजकुमार चापेकर तथा प्रथम टीम से राज्य प्रतिनिधि श्री गौरव शर्मा उपस्थित रहे। राज्य भर के अंगना मं शिक्षा के कोई टीम के सदस्य रायपुर संभाग से श्रीमती रीता मंडल तथा श्रीमती प्रीति शांडिल्य, बिलासपुर संभाग से श्रीमती सीमा मिश्रा व श्रीमती सावित्री सेन, दुर्ग संभाग से श्रीमती नंदनी देशमुख तथा बस्तर संभाग से श्रीमती राधा धृतलहरे तथा श्रीमती आशा कुरैशी उपस्थित रहे।

# ईसीसीई परियोजना का जिले में हुआ शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 8 अक्टूबर।** नीति आयोग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महिला बाल विकास विभाग द्वारा अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रभावशाली हेतु 2 वर्षीय कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री हरिस. एस ने किया। जिसमें 0 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण एवं स्वस्थ्य विकास में आंगनबाड़ी एवं ईसीसीई सेवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। परियोजना के शुरुआती चरण में 150 आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। इन केंद्रों में 2 वर्षों में शासन एवं एसईआरटी द्वारा विकसित नवीन पाठ्यक्रम का प्रयोग किया जाएगा एवं विभिन्न मापदंडों पर बच्चों की प्रगति को विभिन्न अंतराल में मापा जाएगा। ईसीसीई गतिविधियों को सुदृढ करने एवं समाज की भागीदारी को बढ़ाने की शपथ के साथ कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का संचालन श्रीमती संजुला शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग द्वारा एवं 2 वर्षों के कार्यक्रम की रूपरेखा का विवरण श्री आत्रेय कर्महे, पीपीआईए फ़ेलो द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में श्री डी एन कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुकमा, श्री महेंद्र सिंह चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बिहान, श्री सीता राम सिंह राणा, सहायक परियोजना समन्यवक, सर्व शिक्षा अभियान, श्री प्रसाद, परियोजना अधिकारी सुकमा, सुश्री रश्मि चंद्रवंशी, पर्यवेक्षक, सुकमा, सुश्री परिधि शर्मा (ट्रिफ) एवं श्री स्टीफ़न (पिरामल फाउंडेशन) द्वारा ईसीसीई उपअवस्थाओं एवं अन्य विषयों पर सत्र संचालित किया गया।



समाचार संक्षेप

### शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय की गुणवत्ता प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**दंतेवाड़ा 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (द्धक्ज्ञ्) की बैठक आयोजित की गई। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के माध्यम से महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के गुणवत्ता उन्नयन संबंधी कार्य किए जाते हैं, जिनका मूल्यांकन नेक के द्वारा किया जाता है। महाविद्यालय में गुणवत्ता उन्नयन संबंधी किए गए कार्यों के परिणाम स्वरुप ही महाविद्यालय ने नैक मूल्यांकन के प्रथम चरण में 2.39 सीजीपीए के साथ बी ग्रेड प्राप्त की जिसके प्रमाण पत्र का विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि तुलिका कर्मा महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष भी हैं जिनका नैक मूल्यांकन हेतु विभिन्न प्रकार के शुल्क जमा करने, महाविद्यालय में दो कंप्यूटर उपलब्ध करवाने तथा महाविद्यालय के पुस्तकालय के साथ अन्य विकासात्मक कार्य हेतु अपना सहयोग प्रदान किया है। पुस्तकालय में ईलाइब्रेरी की शुरुआत, ऑनलाइन उपलब्ध ई बुक, पाठ्य सामग्री आदि तक छात्राओं की पहुंच बनाने के लिए त्त्क्र्ष्टश्स्न्द् का निर्माण किया गया। इसके साथ ही पुस्तकालय को एनआईसी नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा विकसित ई-ग्रन्थालय (द्न4.0) सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी तरह से ऑटोमेट किया गया। तुलिका कर्मा एवं अन्य सदस्यो के द्वारा महाविद्यालय में पुस्तकालय के विस्तार, वाचनालय निर्माण, आईसीटी सुविधा के उपयोग हेतु स्मार्ट क्लासरूम के निर्माण, रोजगार मार्गदर्शन समिति के माध्यम से करवाई गई। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं छात्राओं के चयन की प्रशंसा करते हुए नेक की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. आर.के.हिरकने तथा महाविद्यालय परिवार को बधाई दी गई। बैठक में पार्षद श्रीमती जी. रेणु राव, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से डॉ. के. एम. प्रसाद, डॉ. दिनेश लहरी, श्री दुष्यंत तारम सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कार्यालयीन स्टाफ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### बचेली में भाजपा महिला मोर्चा का अभिनंदन किया गया

**गीदम 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आदेशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में जिले के बचेली मण्डल में शनिवार को विधानसभा स्तरीय अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ । यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत 33त्र आरक्षण हम सभी बहनों को प्राप्त संबंध में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे विधानसभा प्रभारी सुमन यादव मुख्य वक्ता रही । इस दौरान जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी , प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, मीरा तिवारी , सरिता ऊईके , अंतिवेक , सुनीता भास्कर , पायल गुप्ता महामंत्री महिला मोर्चा , कमला बैरागी , धर्मपाल मिश्रा मंडल अध्यक्ष किरंदुल भुवनेश्वर भारद्वाज बारसूर , राखी पुजारी, लता मरकाम , , सुमन ठाकुर , कुंती झरना , अरुणा टंडन , राजश्री मंडावी , राजकुमारी शिंदे , निर्मला , शालिनी कर्मा , भानमती , झील नाग मंडल अध्यक्ष बचेली शिखा अधिकारी , लक्ष्मी पाणी , मनवाती यादव , दयामती नेगी , रिंकू राजवंशी , दंतेश्वरी सोरी , सुनीता बर्मन , सुनीता साहू , चंद्रकला साहू , गीतांजलि सरकार , गीतांजलि जायसवाल , शीला साहू , अंजलि शर्मा , भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ बहन उषा किरण पात्रे , अनुसूया भोपले , पुष्पा सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



### विश्व मानसिक स्वास्थ सप्ताह" का शुभारंभ

**सुकमा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य टीम के द्वारा 12 अक्टूबर तक विश्व मानसिक दिवस मनाया जा रहा है। जिसकी थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार हैं । इसी कड़ी मे आज सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के आदेश अनुसार तथा डीपीएम श्री भास्कर चौधरी सर तथा नोडल श्री महादेव बारसे सर के मार्गदर्शन मे सीएचसी कोंटा मे मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे डीएमएचपी टीम साइकोलॉजिस्ट नित्या देवांगन तथा साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना मंडावी के द्वारा निःशुल्क दवाइयों का वितरण तथा मरीजों की कॉउंसलिंग की गयी। शिविर मे कुल 60 मरीजों की स्क्रीनिंग की गयी जिसमे से 16 मरीजों की पहचान की गयी। जिनमें डडिमेंशिया, एंजाइटी, स्ट्रेस, टबैको, एल्कोहलिक, टीबी आदि के मरीज पाये गये, जिसमें गंभीर मरीजो को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## दो गुटों के बीच गणेश विसर्जन के दिन हुई थी मारपीट, कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो को कल फोन पर दी गई थी गाली गलौच

# गुंडागर्दी के खिलाफ व्यापारी संघ का दंतेवाड़ा बंद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 08 अक्टूबर।** धर्म नगरी माई दंतेश्वरी की की पावन धरा दंतेवाड़ा को कुछ असामाजिक तत्व बदनाम एवं अशांत करना चाहते हैं और इस काम में वे लगातार लगे रहते हैं और समय समय पर झगड़ा मारपीट कर नगर की शांति को भंग करने का प्रयास करते हैं। गणेश विसर्जन के दौरान नगर में दो गुटों के बीच हुई मारपीट ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया और विवाद मारपीट व नगर बंद तक जा पहुंचा। दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट भी हुई है। इसी बीच कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो को तथा कुछ व्यापारियों को भी फोन पर गाली गलौच देने का मामला सामने आया है । इसी सिलसिले में आज दंतेवाड़ा नगर बंद किया गया है। पुलिस मामले के निपटारे के लिए व्यापारी समेत दोनो पक्षों की बैठक करवाकर मामले को शांत करने के प्रयास में लगी है ताकि तनावपूर्ण माहौल को खत्म किया जा सके। वहीं व्यापारी इस बात पर अड़े हुए हैं कि पहले दोषियों के खिलाफ एफआईआज दर्ज कर उनकी गिरफतारी कर ठोस कारवाई पुलिस करे तभी आगे बात होगी।



रविवार को दंतेवाड़ा नगर बंद के पीछे का पूरा मामला इस प्रकार है कि बीते 01 अक्टूबर को गणेश विसर्जन का कार्यक्रम चल रहा था। देर शाम की बात है लड़कों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ा और मारपीट तक जा पहुंचा। खबर मिली थी कि एक गुट ने कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो के पुत्र के साथ गाली गलौच एवं मारपीट की घटना की है। मामला थाने तक भी पहुंचा था। इसके ठीक 5 दिन बाद शुक्रवार को फिर से एक बार दोनों गुटों के बीच फरसपाल चौक के करीब विसर्जन के दिन की घटना को लेकर विवाद शुरू हो गया और दोनों पक्षों के बीच फिर से जमकर मारपीट हुई। जिसकी भी रिपोर्ट दोनों पक्षों की ओर से थाने में की गई। इस झगडे के ठीक दूसरे दिन शनिवार को कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो के फोन पर बस स्टेंड के पीछे रहने वाले कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गाली गलौच कर अश्लीलता की गई। श्री तामो ने पूरे मामले की रिर्कोडिंग फोन पर की तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी मगर पुलिस ने कोई ठोस कारवाई उन लोगों के खिलाफ नहीं की । पुलिस द्वारा कोई ठोस कारवाई नहीं किए जाने से नाराज श्री तामो ने मामले को व्यापारी संघ के सामने रखा और समर्थन मांगा जिसके बाद नगर व्यापारी संघ ने इस मसले पर राजकुमार तामो का साथ देते हुए असामाजिक तत्वों तथा पुलिस की सुस्त एवं लचर कार्यप्रणाली के खिलाफ नगर बंद करने का फैसला किया जिसके तारतम्य में आज दंतेवाड़ा नगर पूरी तरह से बंद है। सभी व्यापारियों ने व्यापारी संघ के आव्हान पर अपनी अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखा है और पुलिस से यह मांग की है कि माई दंतेश्वरी की शांत शहर को अशांत करने वाले तमाम असामाजिक गुण्डा तत्वों पर जल्द से जल्द सख्त कारवाई की जाए अन्यथा यह आंदोलन और तेज किया जाएगा जिसकी पूरी जवाबदेही पुलिस प्रशासन पर होगी।

## एक नजर

### सहेली के घर पढ़ने निकली युवती की लाश मिली 30 किमी दूर जंगल में

**राजिम/पांडुका, 8 अक्टूबर।** बीते 1अक्टूबर दिन रविवार को सहेली के घर पढ़ने निकली युवती की लाश लगभग 30 किलो मीटर दूर जंगल में कंकाल के रूप में मिला व्हाट्सएप के माध्यम से पिता को चला खबर तो युवती के पायल चप्पल कापी पुस्तक और कपड़े से की शिनाख्त,, मामला पांडुका थाना क्षेत्र के टोईयामुड़ा घटकर्रा (पचपेड़ी) गांव से लगे जंगल का है। जहां एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की की कंकाल जंगल में अलग-अलग हिस्सों में बिखरा हुआ मिला मौके पर स्कूल के पुस्तक पेन कॉपी और बाल और कुछ अवशेष बरामद हुए हैं।मौके पर मिला कंकाल जंगल के लगभग आधा किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ था तो वही इस मामले को लेकर कई आशंका जताया जा रहा है कि रविवार को छुट्टी रहता है तो सहेली के घर कैसे पढ़ने गई फिर इतना दूर जंगल में कैसे पहुंची और गांव से लगे जंगल में लाश की बदबू किसी को कैसे पता नहीं चला ऐसे कई सवाल है पर यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि जंगली जानवर ने लड़की को खाया होगा जिस कारण मृत शरीर के कई हिस्से इसी कारण बिखरे हुए होंगे तो वही नाबालिक लड़की की मौत कैसे हुई है इस पूरे मामले को लेकर फॉरेंसिक टीम व पांडुका वा गरियाबंद पुलिस जांच में जुटी हुई है 17 वर्षीय नाबालिक लड़की की कंकाल मिलने से अंचल में हड़कंप मचा हुआ है तो मृतक के पिता ने बताया कि उसकी लड़की कक्षा 12 वीं की छात्रा है जो 1 अक्टूबर से घर से पढ़ने निकली और घर नही पहुंची तो आसपास रिश्तेदार सहेली के घर पता नहीं चला तो गुम इंसान की रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाया पर इसके बाद भी पता नहीं चल रहा था पर पिता और परिजन लगातार लापता की तलाश कर ही रहे थे कि अचानक उन्हें सरपंच के व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिला की जंगल में एक नर कंकाल मिला है फिर मौके पर लड़की के पिता और परिजन पहुंचे और कपड़ा , पुस्तक कापी और कुछ चीजों को देखकर अपनी बेटी की शिनाख्त की जिसकी पहचान गरियाबंद जिले के ग्राम खट्टी निवासी के रूप में हुई है हालांकि पुलिस अधिकारी कर्मचारी सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर अब छानबीन कर रही है आखिर इतनी दूर लड़की पहुंची कैसे और इसकी मौत कैसे हुई है लड़की के पिता को मौत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से मन कर दिया क्योंकि उनका साफ कहना है उसकी नाबालिक बेटी चंचल गायब हुई थी उसके बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है अब पुलिस ही जांच करके बताएंगे कि उसकी मौत का वजह क्या है मैं कैसे बताऊं,इस बारे में एस डी ओ पी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि 1सप्ताह पूर्व गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी मृतक की शिनाख्त हो गया है फोरेंसिक टीम और पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### जोबी कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित



**रायगढ़, 8 अक्टूबर।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिए और पहले से तैयारी के फलस्वरुप वे सफल रहे। प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त परीक्षा का आयोजन संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करने वाली जिला इकाई के समन्वयक श्री पंचराम निषाद और उनके सहयोगीगणों में शामिल श्री घसियाराम साहू एवं श्री भोलेश्वर राठिया के सहयोग से पूर्व निर्धारित तिथि क्रम में शनिवार 07 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई। इस परीक्षा में भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए। जिसमें विद्यार्थियों ने उनके उत्तरों में अपने ज्ञान की गहराई से आस्था प्रकट की। यह परीक्षा उनके पाठ्यक्रम से अलग थी, किंतु इससे हम देखते हैं कि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति के प्रति कितनी रुचि रखती है और इसे समझने और महत्वपूर्ण बनाने के लिए कितनी अभ्यासरत है। प्रतियोगिता की कमान संभाल रहे वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री वासुदेव पटेल ने बताया की संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए विद्यार्थियों ने पहले से तैयारी की थी। जिसमें अधिक से अधिक विद्यार्थी भाग लिए। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्टाफ से सहायक प्राध्यापक श्री योगेंद्र कुमार राठिया के नेतृत्व में अतिथि व्याख्याता श्री राहुल राठौर, श्री राम नारायण जांगडे, श्री रितेश राठौर एवं सुश्री रेवती राठिया ने विशेष रुचि लेते हुए सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

दिवाली सा माहौल ...........

# राजिम विधानसभा क्षेत्र के गांवों में रोहित साहू को मिल रहा है भारी जनसमर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 8 अक्टूबर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के घोषित उम्मीदवार रोहित साहू की चर्चा इन दिनों जोरों पर है उनकी जनसंपर्क यात्रा में अलग-अलग गांवों से 200 से 300 की संख्या में रोजाना उनके चाहने वाले काफी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और स्थानीय विधायक के तौर पर रोहित साहू को राजिम से एक बार मौका देने मतदाताओं को अपील कर रहे हैं ताकि आगे चलकर भटकना न पड़े राजिम विधानसभा के प्रत्याशी रोहित साहू ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ मिलकर जनसंपर्क किया सुबह से अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम ग्राम सरकड़ा, पाण्डुका, कूटेना, कुकदा, पोड, आसरा, घटकर्रा, नागझर सहित विभिन्न ग्रामो में पहुंचकर आशीर्वाद माँगा। इस दौरान उन्होंने आमजनों से मिलकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह कर अपने लिए भी जीत का आशीर्वाद माँगा और कहा कि क्षेत्र का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि है जिसके लिए हम निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, राजू साहू, महामंत्री द्वय किसन कंडरा, प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, उर्मिला ध्रुव, हेमंत निर्मलकर, बिरेन्द्र साहू, टिकम सिन्हा, जगत सिन्हा, डोमार साहू, हुकुम साहू, अशोक कश्यप, पोखराज साहू, लोमश ध्रुव,गोपाल साहू, मनी, रेखा साहू, तारा साहू रामाधार साहू, मिथलेश साहू, मोती निषाद, टिकेश साहू,हरी राम साहू, उदय राम साहू सरपंच,मीरा ठाकुर जनपद सदस्य, आंनदराम सिन्हा, तेजराम निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, लाल यादव, लोकनाथ साहू आदि उनके साथ जनसंपर्क में शामिल हुए।

## अग्रसेन चौक से निकली अग्रवंशजो की बड़ी रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**पत्थलगांव, 8 अक्टूबर।** अग्रवंशजो के भगवान अग्रसेन की 51वीं जयंती मनाने के लिए दिन शनिवार से सांस्कृतिक एवं खेलकुद की प्रतियोगिताओ का शुभारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रमो की शुरूवात से पूर्व रायगढ रोड स्थित नवनिर्मित अग्रसेन चौक से अग्रवंशजो ने भव्य रैली निकालकर यहा के अग्रसेन भवन मे गाजे बाजे के साथ पहुंचे। दिन शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे रायगढ रोड स्थित अग्रसेन चौक के पास समाज के वरिष्ठो के साथ महिला पुरूष बच्चे एवं नवयुवको का एक बडा समुह मौजुद था। पुरोहितो द्वारा अग्रसेन चौक मे विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान अग्रसेन की आरती की गयी,जिसके बाद प्रसाद वितरण करते हुये अग्रवंशजो ने हाथो मे भगवान अग्रसेन की सत्ता का प्रतीक केसरिया ध्वज हाथो मे थामकर गाजे बाजे के साथ यहा के अग्रसेन भवन पहुंचे,इस बीच समाज की एकता देखते ही बन रही थी,सभी के द्वारा एकसुर मे भगवान अग्रसेन,माता माधवी के जयकारे लगाये जा रहे थे। अग्रसेन भवन मे रैली विश्राम लेकर पुनः भगवान अग्रसेन की भवन मे आरती की गयी,जिसके बाद नवयुवक समिती ने अपने रंगारंग कार्यक्रमो की शुरूवात कर दी। नवयुवक समिती के अध्यक्ष हैप्पी गर्ग,शिखर बसंल,प्रतीक अग्रवाल,सारांश अग्रवाल,पियुष अग्रवाल,नमन अग्रवाल,ऋषभ जिंदल ने बताया कि दिन शनिवार के सांस्कृतिक एवं खेलकुद मे महिलाओ के लिए मीठा बनाओ प्रतियोगिता रखी गयी थी,वही अग्रसेन प्रीमियर लीग के खिलाडीयों की नीलामी प्रक्रिया भी पूरी करायी गयी थी,आज दिन रविवार को अग्रसेन भवन मे जलेबी दौड,फुग्गा फोडो,ट्राई सायकल रेस,कुर्सी दौड,निशाना लगाओ,लंबी दौड,रामायण महाभारत के पात्र बनो,ओपन डांस प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी।

### जिले के सात विकास खण्ड में 60 मास्टर ट्रेनर दे रहे निर्वाचन ट्रेनिंग

**रायगढ़, 8 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न विकास खण्ड में मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से निर्वाचन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। गत दिवस आयोजित मास्टर ट्रेनर्स के ट्रेनिंग में कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा था कि अच्छे प्रशिक्षण से निर्वाचन का कार्य बेहतर होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षित करने हेतु मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दिया गया था।

## कौंदकेरा गांव के युवाओं ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,8 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 23 सालों में भाजपा के पंद्रह साल और कांग्रेस पार्टी के कुल आठ साल का कार्यकाल राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता देख चुकी है जिन्हें बदहाली के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ है और इस बदहाली के लिए भाजपा तथा कांग्रेस के नेता एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं जबकि जिम्मेदार दोनों के दोनों पार्टियां है। एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के लिए कौंदकेरा गांव के युवाओं ने राजिम विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही के घर जाकर उनसे मुलाकात किया और आम आदमी पार्टी का सदस्य बनकर काम करने की इच्छा जाहिर की तेजराम विद्रोही ने सभी साथियों का स्वागत किया और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दी। आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने वाले पुनारद साहू, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, हिरुलाल साहू, गौकरण साहू, नेहरू सेन, नरेश निषाद, प्रदीप यादव अरुण सेन, भोजराम यादव , रोशन सेन ने कहा कि वे लोग आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल की गारंटी से प्रभावित हैं तथा प्रत्याशी तेजराम द्वारा आम जनता, किसानों , मजदूरों छात्रों युवाओं के लिए किए जा रहे कठिन संघर्षो को वे बहुत ही नजदीक से जानते हैं उनके जन आंदोलन के प्रति समर्पण से हम प्रभावित हुए हैं और चाहते हैं कि यही व्यक्ति हमारे राजिम विधानसभा का विधायक बनें।

## लोक निर्माण विभाग की सड़क की नहीं हुई मरम्मत तो होगा चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 8 अक्टूबर।** इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक की सडक बेहद ही खस्ताहाल हो जाने के कारण शहर के लोगों को आये दिन दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। एक सप्ताह पूर्व एक परिवार के लगभग चार लोग इस मार्ग में बने जानलेवा गड्ढे में गिरकर घायल हुये थे,उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग का धरमजयगढ़ डिवीजन में बैठे जिम्मेदार अधिकारीयों की कान में जुं नही रेंगी। लगभग छः किलोमीटर के इस दायरे मे साठ से भी अधिक जानलेवा गडढे निर्मित हो चुके है,इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक जशपुर जिला की सरहद है,इस मार्ग की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के धरमजयगढ डिवीजन के तहत आती है,परंतु दूसरा ब्लाक एवं पड़ोसी जिला रहने के कारण धरमजयगढ़ डिवीजन में बैठे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी यहा नजरे घुमाने तक नही पहुंचते, वे धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर पिछले पांच सालों से इस जर्जर सड़क में किसी तरह का नया काम या मरम्मत का काम नही कराये है। हर दिन दुर्घटना होने के बाद भी अब तक सडक के जानलेवा गड्ढों तक को भरने की पहल नही हो पायी,इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एस.बरवा से बात की गयी तो उन्होंने खराब सड़कों का ठिकरा ठेकेदार पर फोड दिया। उनका कहना था कि नोटिस तामिल होने के बाद भी ठेकेदार काम नही कर रहा है,ऐसे मे शहरवासीयों को दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है।।

चक्का जाम का बना रहे मन- :नवरात्रि त्यौहार को देखते हुये लोगों ने इंदिरा चौक से लेकर आगे तक की सड़क ना बनने पर चक्का जाम करने का फैसला ले लिया है,यदि ऐसा आंदोलन होता है तो मौजूदा सरकार को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। आगामी कुछ दिनो मे ही विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है,जिसमे समस्त राजनीतिक पार्टीयां ऐसे मौके का फायदा उठाने में चुकने वाली नही है।।

चमचमाती सड़क का संजोय सपना-एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ में चमचमाती सड़कों की सौगात देकर कही न कही उसे अपना वोट बैंक बढाने मे शामिल करने की फिराक मे है तो वही शहर से लगी सडक का बेहद जर्जर होना मौजुदा सरकार की सोच पर पूरी तरह पानी फेरने का काम कर रही है। यदि त्यौहारी सीजन को देखते हुये जर्जर सड़कों का दंश झेल रहे शहरवासी चक्का जाम करते है तो यह लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार के मुंह पर कड़ा तमाचा होगा।

## शहर को स्वच्छ रखना पहली प्राथमिकता:सीएमओ



**पत्थलगांव,8 अक्टूबर।** शहर को स्वच्छ रखना नगर पंचायत के साथ वहा पदस्थ रहने वाले जिम्मेदार अधिकारी एवं समस्त उन कर्मचारीयों की है,जो स्वच्छता को अपनी दिनचर्या मे शामिल कर उसे सार्थक पहल की ओर लेकर जाते है। नगर पंचातय को स्वच्छ भारत मिशन के तहत सम्मान मिलना सभी के लिए गौरव की बात है,इस सम्मान मे शहर के नागरिको की भी बेहद अहम भूमिका है। यह बातें पत्थलगांव नगर पंचायत के सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला ने एक चर्चा के दौरान कही। दरअसल स्वच्छ भारत मिशन के तहत जशपुर जिले से पत्थलगांव नगर पंचायत को नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के हाथ सम्मान प्राप्त हुआ है,जिसे नगर पंचायत के सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला ने ग्रहण किया। एक समारोह के दौरान रायपुर की एक निजी होटल मे स्वच्छता पखवाडा के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे शहर एवं यहा के सभी वार्डो मे साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए नगरीय प्रशासन ने पत्थलगांव नगर पंचायत को सौ मे से नब्बे अंक देकर सम्मान से सम्मानित किया। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन का शहर के अधिकांश वार्डो मे बेहतर कार्य देखने को मिल रहा है,जिसके कारण नगरीय प्रशासन ने पत्थलगांव नगर पंचायत को सम्मान के लिए चुना था। सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला का कहना है कि यह सम्मान नगर पंचायत से जुडे लोगो के अलावा शहर के नागरिको से भी जुडा हुआ है,उनका कहना है कि नागरिक यदि प्रशासन के हाथ से हाथ बटाकर कार्य करते है तो प्रशासन को जनता की सुविधाओ को मुहैया कराने मे किसी प्रकार की परेशानी उठानी नही पडती। उनका कहना था कि स्वच्छ भारत मिशन का नगरीय प्रशासन के साथ-साथ जनता ने भी साथ दिया,यही वजह है कि नगर पंचायत पत्थलगांव स्वच्छता के क्षेत्र मे एक बहुमुल्य सम्मान प्राप्त कर सकी है।

## शिक्षा और संस्कार पाकर मां-बाप को ना भेजें वृद्ध आश्रम:अर्थव

**पत्थलगांव, 8 अक्टूबर।** शिक्षा और संस्कार पाकर मां बाप को वृद्धा आश्रम नही भेजना चाहिये,बच्चो को यह ज्ञात होना चाहिये की उन्हे मिली शिक्षा एवं संस्कार मां बाप की ही देन है,जिसे पाकर वे अपने मुकाम मे सफल होते है। यह बातें कोई भाषण या संबोधन नही है,इसे एक साल के नन्हे बालक ने अग्रसेन भवन के खचाखच भरे रंगमंच मे बैठे सैकडो अग्रबंधुओ को एक बहुत ही खुबसुरत मैसेज के जरिये बताने की कोशिश की थी। दिन शनिवार की देर शाम अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमो मे नौनिहालो का भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसे सफल बनाने मे अग्रवाल नवयुवक समिती ने कोई कसर नही छोडी थी। लगभग 8 बजे नौनिहालो का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम शुरू हुआ,जिसमे नन्हे बच्चो ने प्रतियोगिता तो जीती ही साथ मे उन्होने मौजुदा अग्रबंधुओ का दिल भी जीत लिया। एक साल का नन्हा बालक अर्थव गर्ग पिता अमन गर्ग खुद को बेहद बुजुर्ग की भूमिका मे रंगमंच पर पेश किया था,जिसमे उन्होने समाज को सीख दी कि बच्चे शिक्षा एवं संस्कार पाकर चकाचौंध दुनिया मे गुम ना हो। वे अपने मां बाप को वृद्धा आश्रम ना भेजे।

## समाचार संक्षेप

### बीजापुर के आडिटोरियम में अमृत कलश कार्यक्रम आयोजित




**बीजापुर, 8 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 2023 को ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत ''मेरी माटी मेरा देष'' के द्वितीय चरण के ब्लॉक/नगरपालिका स्तर पर बीजापुर के पोटा केबिन ऑडिटोरियम में अमृत कलष में गांवों व पंचायतों से एकत्रित की गयी मिट्टी के मिश्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थी, अध्यापक, षहीदों के परिजन तथा प्रषासनिक अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों के साथ 85 बटालियन के.रि.पु.बल के अधिकारियों, जवानों एवं बीजापुर ब्लॉक के सभी पंचायतों से आये लोगों ने भाग लिया। इस महोत्सव को सभी लोगों ने पूरी श्रद्धा, उत्साह, हर्शोल्लास व देषभक्ति की भावना के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं 85 बटालियन केरिपुबल के जवानों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इस आयोजन को और भी आकर्शक बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती बोधी ताती, जनपद अध्यक्ष, बीजापुर के साथ श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, जिलाधिकारी, श्री रवि कुमार साहू, सी.ई.ओ. जिला पंचायत, श्री जे.वी. तुसिंग, कमाण्डेन्ट, 85 बटालियन केरिपुबल, श्री दिलीप उइके, डिप्टी कलेक्टर, श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट, 85 बटालियन, केरिपुबल, श्री गीत कुमार सिन्हा, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत एवं षिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय पुलिस के साथ प्रषासन के अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

### देवगुड़ी निर्माण में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार से सहायक आयुक्त ने किया इंकार

**बीजापुर, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम ने देवगुड़ी निर्माण कार्य पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए बेबुनियाद आरोप लगाकर जिला प्रशासन की छवि को धूमिल करने की बात कही ज्ञात हो कि व्यक्ति विशेष द्वारा जिला प्रशासन की छवि को खराब करने की उद्देश्य से जिले के 19 देवगुड़ी निर्माण की राशि 56 लाख रूपए का भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। सहायक आयुक्त ने बताया की उक्त 56 लाख रूपए नियमानुसार जिले के चारों जनपद पंचायत जिसमें जनपद पंचायत बीजापुर को 23 लाख 60 हजार रूपए, जनपद पंचायत भोपालपटन को 03 लाख रूपए, जनपद पंचायत भैरमगढ़ को 12 लाख रूपए एवं जनपद पंचायत उसूर को 17 लाख 90 हजार रूपए 6 जुलाई 2023 को चेक के माध्यम से जारी किया जा चुका है। देवगुड़ी निर्माण की एजेंसी जनपद पंचायत को बनाया गया है। उनके द्वारा देवगुड़ी निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार नहीं हुई है वहीं देवगुड़ी निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। देवगुड़ी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक किया जा रहा है।बीजापुर में 3 करोड़ 49 लाख 20 हजार की लागत से 117 देवगुड़ी निर्माण हेतु स्वीकृत हुआ था। शेष 2 करोड़ 92 लाख 70 हजार की राशि इसी तरह चारों जनपद पंचायतों को 20 जुलाई 2023 की स्थिति में जनपद पंचायत बीजापुर में चेक के माध्यम से 68 लाख 80 हजार रूपए, जनपद पंचायत भोपालटनम को 77 लाख 60 हजार रूपए, जनपद पंचायत भैरमगढ़ को 89 लाख 60 हजार रूपए और जनपद पंचायत उसूर को 56 लाख 70 हजार रूपए चेक के माध्यम से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बीजापुर द्वारा जारी किया गया है।

उक्त निर्माण कार्य जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर की जा रही है। श्री केएस मसराम ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में आदिवासी विकास विभाग बीजापुर द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण संबंधी कार्य नहीं किया जा रहा है न ही किसी प्रकार का हस्तक्षेप है। नियमानुसार कार्य एजेंसी को राशि जारी की जा चुकी है जिसमें भ्रष्टाचार की बात करना बेबुनियाद है जिला प्रशासन की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से जो दुष्प्रचार किया जा रहा है जो तथ्यहीन और निराधार है।

### बालिकागृह की स्थापना एवं संचालन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**बीजापुर, 8 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं सरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 50 के प्रावधानों के अनुसार देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला मुख्यालय बीजापुर में बालिकागृह क्षमता 50 सीटर की स्थापना एवं संचालन हेतु पंजीकृत अशासकीय संस्थायें/स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत हो, वित्तीय रूप से सक्षम हो तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्थापित होने वाले बालगृह के संचालन के इच्छुक हों, ऐसी संस्थाओं से 20 अक्टूबर 2023 सायं 5:30 बजे तक कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर में रुचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

**एक नजर**

## जितेंद्र बघेल बने भीम रेजीमेंट के सिमगा ब्लॉक प्रभारी



**सिमगा, 8 अक्टूबर।** भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ से जितेंद्र बघेल को उनके सक्रियता व कार्य अन्याय शोषण पीड़ित दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा खड़ा होकर हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए जितेंद्र बघेल को ब्लॉक सिमगा से ब्लॉक प्रभारी बनाया गया जिसमें भीम रेजीमेंट पूरे टीम की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दिए ढलेंद्र डहरिया जिला अध्यक्ष, ललित बंजारे जी कार्यकारी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी जसवंत साहू, जिला उपाध्यक्ष निलेश घृतलहरे, सचिव लक्ष्मण जलहरे, विजय जांगड़े कार्य महासचिव, सुरेश डहरिया, जिला सयोजक युगल किशोर, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष विजय, उपाध्यक्ष धनेश्वर सोनवानी सहित कार्यकर्ता सभी हर्ष व्यक्त किया।

## वृद्धजनों के लिए हुआ विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार, 8 अक्टूबर।** विगत एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस मनाया गया था तथा इस पूरे माह भर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। सिविल सर्जन डॉक्टर आर. के. अवस्थी ने बताया कि, आये हुए वृद्ध जनों के लिए रक्त चाप, शुगर, आंख, कान, और फिजियो थेरेपी की जांच की गई। जांच उपरांत आये हुए वृद्ध जनों को बढ़ती आयु के साथ स्वयं का कैसे ध्यान रखा जाए इस बारे में भी बताया गया। कुछ लोगों को छड़ी भी वितरित की गई। शिविर में आये हुए 71 वर्षीय आजुराम साहू एवं 80 वर्षीय तीरथ राम कोसले ने बताया कि, अस्पताल में उन्होंने अपनी शुगर और बीपी का जाँच करवाया है। आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने कहा कि, वृद्ध जनों के लिए यह विशेष स्वास्थ्य शिविर आगामी दिनों में विकासखंडों में सी एच सी और पीएचसी में भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी, जिला सलाहकार विनोद पटेल, अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा, डॉक्टर मुक्तानंद साहू, कुमुदिनी वर्मा, विनोद देवांगन, गायत्री साहू, मोनिका यादव, अभिषेक वर्मा भी उपस्थित रहे।

## डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए गौरीशंकर अग्रवाल




**कसडोल, 8 अक्टूबर।** यूथ क्लब समिति कसडोल नगर के तत्वधान में आयोजित इंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा, डांस प्रतियोगिता में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस तरह के आयोजन के लिए उन्होंने यूथ क्लब समिति कसडोल के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। आज के इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# गरियाबंद जिले से पुष्पराज साहू समेत 51 कलमकारों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 अक्टूबर।** नए कलमकारों को समर्पित संस्था नव कलमकार साहित्य मंच ने प्रदेश स्तरीय कलमकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन तथा राजगीत के गायन से हुई, तत्पश्चात् संस्था के कलमकार दयालु भारती के जन्मदिन पर केक काटकर सभी ने शुभकामनाएँ दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि तुकाराम साहू ÷तरुण÷ ने नए कलमकारों के स्वाध्याय पर ध्यान देने तथा वरिष्ठों से सहानुभूति पूर्वक मार्गदर्शन के लिए आग्रह करते हुए कहा कि ÷कोपलों को तने की अहमियत समझाइए कि फिक्र हो, बिना कोपल तने भी डंठल हो जायेंगे÷। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार कवि सुशील भोले जी रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में नयी पीढ़ी को चिंतन, अध्ययन, लोक साहित्य को समृद्ध करने व लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया, पश्चात् संस्था संरक्षक सालिक राम तिवारी जी की अनुपस्थिति में उनके द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया गया। इस आयोजन में रोचक बात यह रही कि फेसबुक पेज पर लाइव काव्यपाठ करने वालों को सम्मानित किया गया, बता दें कि नव कलमकार साहित्य मंच ने कोरोना के भयावह




नकारात्मक समय में सकारात्मकता के प्रसार के लिए लाइव एकल काव्य पाठ अभियान चलाया था, जिसमें प्रदेशभर के 51कलमकारों ने काव्यपाठ किया था जिन्हें प्रमाण पत्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही इस प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में लगभग 40 नए कलमकारों ने भी काव्यपाठ किया तथा उन्हें भी प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन के संयोजक तुकाराम साहू तरुण, संरक्षक सालिकराम तिवारी, मुख्य सहयोगी इंद्रदेव यदु, जाजू सतनामी 'प्रवीण', कुलेश्वर जायसवाल, स्वस्तिक श्रीवास, जलेश्वर दास, दिलीप पटेल, युगल साहू 'जिज्ञासु', आकाश साहू मनबईहा, दयालु भारती जी तथा सभी उपस्थित कलमकार रहे। सम्मानित कलमकारों में गरियाबंद जिले से पुष्पराज साहू ÷राज÷, खेमराज साहू, विरेंद्र ठाकुर, खोवा लाल बिसेन, रैपर आकाश प्रधान, मेमन मरकाम के साथ ही इंदु साहू, दयालु भारती, मनीष वर्मा, पुष्पा गजपाल, पंकज शर्मा, अनिल सलाम, प्रदीप कुंवरदादा, दिलीप पटेल, जलेश्वर दास मानिकपुरी, युगल किशोर साहू, ताकेश्वर साहू, प्रिया देवांगन, पिंटु राम साहू, कुलेश्वर जायसवाल, विमल साहू, निधि साहू, भव्या सूर्या, जुगेश बंजारे, आकाश साहू, आशीष वैष्णव, पूजा देवांगन व पी. के. 'कमाल' सहित अन्य कलमकार रहे।

# हमारी सरकार ने महिलाओं को सबल बनाने अनेक योजनाओं पर कार्य किया : अमितेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 अक्टूबर।** छुरा मंडी प्रांगण मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला जागृति सह महिला सम्मान सम्मेलन मे राजिम विधायक अमितेश शुक्ल बतौर मुख्यअतिथि के रूप मे शामिल हुए इस दौरान महिला कार्यकर्ताओ ने विधायक अमितेश शुक्ल को पुष्प गुच्छ व गुलदस्ता भेट कर उनका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान विधायक अमितेश शुक्ल ने छुरा क्षेत्र के 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने प्रमोशन पाकर सुपरवायजर के पद पर पदस्थ होने पर प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया कार्यक्रम



को सम्बोधित करते हुए मुख्यतिथि के आसन्दी से विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा की हमारी सरकार की सोच है की विकास की धारा छत्तीसगढ़ के कोने कोने तक हर व्यक्ति तक पहुँचे हमारी कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है।

हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के की मंशा है की प्रदेश की नारी सबल बने सरकार ने महिलाओ को आर्थिक स्तर पर मजबूत करने महिला समूह का गठन किया हर गांव मे गौठान निर्माण कर महिला समूह को गोबर खरीदी कर खाद निर्माण कर प्रदेश की महिलाओं का आय बढ़ाया है, भाजपा सरकार के समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को 5000 हजार रूपये वेतन मिल रहा था जिसे बढ़ाकर हमारे मुख्यमंत्री ने 10000 हजार रूपये किया हमारी सरकार की मंशा है की प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बने और आने वाले समय मे हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने अनेक योजना चलायेगी।

कार्यक्रम के दौरान जय माँ काली स्वासहायता समूह को ईट निर्माण के लिए 2 लाख, जय माँ शांकम्भरी स्वासहायता समूह को मसाला उद्योग के लिए 2 लाख, जय माँ लक्ष्मी स्वा सहायता समूह को सिलाई कार्य के लिए 2 लाख का ऋण प्रदान किया गया कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक भोजन का स्टाल लगाया गया था।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**तिल्दा-नेवरा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा ब्लाक के ग्राम मुड़पार निवासी अशोक कुमार पिता निजाम गेंडरे 26 वर्ष अपने दो साथीयों के साथ सुबह 7:30 के लगभग मुड़पार से स्पलेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक छ्ग04 चड्ड 6736 से पास के गांव बिलईडबरि शराब पीने गये थे।शराब पिकर वापस घर लौटते समय अशोक गेंडरे ने अपने साथी जोहित चतुर्वेदी 33 वर्ष, चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी 35 वर्ष को लघुशंका जाना है कहकर रोका और बिलईडबरि गांव के बाहर सड़क किनारे तालाब नुमा मुरम खदान में गया। वहीं तालाब पार के पास खडे एक छोटे से बालक ने अशोक को तालाब मे डुबते देखकर शोर करने लगा जिसका आवाज सुन कर आसपास के लोग दौड पड़े और युवक को बचाने का प्रयास किया तब तक उनके मौत हो चूका था।जिसके सूचना वहां पर उपस्थित उनके दोस्त व अन्य लोगों ने परिवार और ग्रामीणों को दिया और हथबंद थाना को सूचना उसके परिवार के चाचा ने दिया।थाना को सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक एनआर पटेल ने आरक्षक नंदकिशोर वर्मा के साथ घटना स्थल पहुंच कर मृतक अशोक गेंडरे के शव बाहर निकाल कर पंचनामा किया और शव को पोस्ट मार्डम के लिए सिमगा शव विच्छेदन केन्द्र भेजा गया। मुड़पार निवासी ग्रामीणों का कहना है कि उक्त युवक शक्रवार को दिनभर हथबंद थाना में एक झुठे केस में फंसाने को लेकर परेशान था। बिलई डबरी के ग्रामीणों का कहना है की बिलाईडबरी के तिग्गड़ा चौक में खुलेआम शराब बिकता है जिसके कारण मुड़पार, कुकरा चुंदा, जांगड़ा ग्राम के लोगो का तिगड़ा चौक में जमवाड़ा रहता है आए दिन घटना की शंका बनी रहती है थाने में शिकायत के बाद नही होती कार्यवाही दवाई दूकान के संचालक अनोद बंजारे ने बताया शराब कोचिया लोगो को खानापूर्ति के लिए पकड़ते है और कुछ देर बाद ही उन्हें छोड़ दिया जाता है बाहर से शराब माफ्यिा घर तक अवैध शराब पहुंचकर देते है पुलिस कार्यवाही से ग्रामीण ना खुश है आबकारी विभाग कुछ ग्रामों को वाक वोहर देकर रखे है पुलिस आबकारी के द्वारा चुनीदा लोगो पर खानापूर्ति के लिए जब्ती की कार्यवाही की जाती है जिस तरह ठेकेदारी प्रथा में शराब बेची जाती थी उसी तरह का माहौल ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कारोबार फलफूल रहा है।

## जनपद सदस्य ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 8 अक्टूबर।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में ग्राम विकास के लिए ग्रामीणों की मांग पर जनपद सदस्य संजय बैस द्वारा विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया जिसके तहत आंगन बाड़ी भवन लगभग 8 लाख रुपए की लागत का भूमिपूजन किया गया। आंगन बाड़ी बहुत ही जर्जर हो गया है जो किराए के भवन में संचालित है नया आंगन बाड़ी भवन बनने से बच्चे अपने नए भवन में पड़ेंगे दूसरा भूमिपूजन समरसता भवन में अहाता निर्माण दो लाख रुपए का भूमिपूजन किए समरसता भवन में अहाता नही होने के साथ समतलीकरण नही होने से वार्डवासियों को सामाजिक व अन्य गतिविधियों के आयोजन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है वार्डवासियों ने अपनी समस्या बैस के पास रखी थी और उस समस्या के समाधान के लिए जनपद सदस्य निधि से दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर गांव के विकास को गति प्रदान की गई। तीसरा भूमिपूजन वार्ड 15 में सामुदायिक शौचालय



लगभग 4 लाख रुपए का भूमिपूजन, वार्ड 15 में साहू समाज भवन और यादव समाज भवन के समीप गौठान है भवनों में शौचालय नही है सामाजिक आयोजन पर लोगो को शौचालय की परेशानी होती थी इस समस्या को समझते हुए अपनी निधि से राशि स्वीकृति कराई और साहू समाज और यादव समाज ने अपना आभार माना। चौथे क्रम में भूमिपूजन बजार क्षेत्र के पिंक शौचालय का किया गया कुसुमकसा बजार के साथ महिलाओ को मुख्य मार्ग पर शौचालय और प्रशाधन जाने में दिक्कत होता था पिंक शौचालय सिर्फ महिलाओ के लिए बनाया जा रहा है भूमिपूजन में सरपंच शिव राम सिंदरामे ने कहा की हम गांव के विकास के लिए संकल्पित है और विकास हो भी रहा है जिसका परिणाम हमारे जनपद सदस्य संजय बैंस आज भूमिपूजन किए है उप सरपंच दीपक यादव ने कहा की आज ये बात सिद्ध हो गया की संजय है तो संभव है गांव विकास में अपनी निधि से लाखो रुपए स्वीकृत करा ग्राम विकास की गौरव गाथा लिख रहे है भूमिपूजन में सचिव नेम सिंग अलेंद्र गौतम साहू रवि यादव लोकेश सिन्हा पिंटू जगनायक सुरेंद्र मंडावी के साथ गांव के गणमान्य जन उपस्थित थे।

**समाचार संक्षेप**

## कंवर प्रतिभा सम्मान समारोह मे छात्र-छात्राएं सम्मानित



**भाटापारा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संत कंवरराम सेवा मंडल भाटापारा के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंद सिंध के सरताज संतो के सिरमौर अमर शहीद संत कंवरराम साहब जी की 84 वीं वर्सी महोत्सव के पावन अवसर पर सिंधी समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं जिन्होने 75त्न या उससे अधिक प्राप्त किये उनका सम्मान स्व.भगतसिंह जी की स्मृति में संत कंवरराम साहब जी के प्रपोत्र पूज्य सांई धीरज कुमार जी, पूज्य भाभी रिद्धी देवी व पूज्य सुनीता दीदी द्वारा शहजादे कवरांश की उपस्थिती में 03/10/23 को गोदड़ीवाला धाम में किया गया, इस कार्यक्रम का संचालन सागर छाबड़िया द्वारा किया गया।

**प्रतिभावान छात्र/छात्राएँ:** कक्षा 5 वीं से रीत तलरेजा, मीत सबलानी, रोहित ठाकुर, कविश शोभवानी, कुशल सचदेव, युक्ता मकरेजा कक्षा 8 वीं से गुंजन दावानी, कीर्ति चिमनानी, दिव्या डोधी, संजना दयालानी, कृष्णा पंजवानी, नैना ठाकुर, यशिता पिरवानी, मन्नत मंधान, आरव सचदेव, गायत्री आसवानी, महिमा सचदेव, पार्थ सहेता, विशाल जसूजा, महक मोटवानी, करन थारानी, नम्रता बत्रा, अनुसूईया तलरेजा कक्षा 10 वीं से काव्य सबलानी, कपिल किंगरानी, मानसीसबलानी, स्नेहा मंधान, रस्टी किंगरानी, वंश बजाज, प्रथम सचदेव, कृष्णा थौरानी, राधिका तलरेजा, महक माधवानी, नयन निहलानी, रितिका जसवानी कक्षा 12 वीं से खुशी चिमनानी, हर्ष धर्मानी जानवी आहूजा, साहिल मोटवानी, खूशबू सचदेव, अर्चना डोधी, शिल्पा पिरवानी, कनक मंधान, कुशल निहलानी, बरखा बत्रा।

## शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान



**तिल्दा-नेवरा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन एवं संभव स्पंज एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम सरोरा के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई एवम संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम सरोरा तिल्दा नेवरा के सयुंक्त तत्वाधान में अग्रसेन महाराज के जयंती के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे संभव स्पंज एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम सरोरा के अधिकरियों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया संभव स्पंज एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम सरोरा तिल्दा नेवरा में 52 लोगों ने रेडक्रास ब्लड बैंक रायपुर को रक्त दान किया। इस अवसर पर संभव स्पंज पावर लिमिटेड ग्राम सरोरा तिल्दा नेवरा के भावेश खेतान ने कहा कि ऐसे कार्यों से अन्य लोग भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान होता है। आपके रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है।किसी के जीवन को बचाने के लिये रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। इसलिए जो लोग रक्तदान करने में सक्षम हैं और स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिए इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिन्दगियों को बचाने का काम करते हैं। रक्तदान के फायदे और मानवता के लिये इसकी आवश्यकता के विषय में अधिक से अधिक लोग जागरूक हों इसके लिए रक्तदान शिविरों के आयोजन होने चाहिए।

### विशाल जागरूकता रैली निकालकर दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश

# बच्चों ने चित्रकला और रंगोली बनाकर स्वच्छता की अलख जगाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक, गीत, नारों के माध्यम से नगरवासी, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का संदेश के साथ विशाल जन जागरूकता रैली निकाली। हर नागरिक का एक ही नारा, सबसे सुंदर नगर हमारा जैसे प्रेरक निनादो से शहर गुंजायमान रहा। नगर के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों ने झाड़ू लेकर नगर की सफाई की। विद्यालयीन बच्चों ने चित्रकला और रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। रैली उपरांत भव्य सम्मान समारोह द्वारा स्वच्छता मित्रों, सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदी एवं चित्रकला रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों का सम्मान किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, वरिष्ठ पार्षद अशोक दीक्षित, हरीश यादव, पंचराम टंडन, मीना चंद्राकर, रजनी लहरे, चित्ररेखा ध्रुव, एल्डरमेन सलीम मेमन, लोकेश्वर वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम, मेशनंदन





पांडे, वरिष्ठ शिक्षक एम.आर. देवांगन, डॉ. विनीत साहू, रेवेंद्र दीक्षित, उप अभियंता श्याम सुंदर पटनायक द्वारा मां भारती, मां शारदे, छत्तीसगढ़ महतारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पमाल अर्पण कर अक्षत कुमकुम रोली चंदन से वंदन करते हुए दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों ने बच्चों के द्वारा उकेरी गई सुंदर रंगोली का निरीक्षण कर प्रोत्साहित किया। राजकीय गीत, सरस्वती वंदना एवं सर्वधर्म प्रार्थना द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रतिवेदन वाचन करते हुए नोडल वीरेंद्र ठाकुर ने 15 दिनों तक चले स्वच्छता अभियान का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया। पार्षद हरीश यादव ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता का शपथ दिलाया। अतिथियों की ओर से वरिष्ठ पार्षद अशोक दीक्षित ने कहा कि हम स्वयं स्वच्छ रहकर, आसपास और नगर की साफ सफाई में स्वप्रेरित होकर सहयोग करेंगे तो हमारा नगर स्वमेव स्वच्छ रहेगा। आगे कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। एल्डरमेन सलीम मेमन ने ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजीवन अपना काम स्वयं किया। वे सदैव सबको स्वावलंबन के लिए प्रेरित करते रहे। हम सबको राष्ट्रपिता के बताए मार्ग पर चलकर नगर, राज्य और राष्ट्र को स्वच्छ बनाने में सहयोग करना चाहिए। संचालन करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइडस के जिला प्रशिक्षण आयुक्त अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कविता, नारों, प्रेरक संदेशों के द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। सिन्हा ने गीला कचरा, सूखा कचरा को अलग करने के मूल उद्देश्य को भी विस्तार से बताया। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, गीतों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण रोकने, स्वच्छता, जल संग्रहण, मोबाइल के दुष्परिणाम, वृक्षारोपण का प्रेरक संदेश दिया। मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत स्वच्छता दीदी, निकाय के सफाई कर्मी, स्वच्छता मित्र एवं कर्मचारियों का शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किए प्रतिभागियों को कॉलेज बैग, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लिए सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं ड्राइंग सेट सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। सभी निर्णायकों, प्रभारी शिक्षकों, उपस्थित संवाददाताओं, आश्रम अधीक्षकों एवं सुरक्षा में लगे आरक्षकों को भी मोमेंटो और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का आवाह्न करते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक मानसिक निषाद, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, शिक्षकगण होरीलाल कुर्रे, लोवित रत्नाकर, संतोष वर्मा, डीगेश बघेल, करुणा वर्मा, तरुण बंजारे, टिकेश्वरी साहू, अनीता चंद्राकर, अंजू कौशिक, बुंदा साहू, किशोर सिन्हा, कमलेश सिन्हा, परमेश्वर, दीपक, दानेश्वर, रमेश, रजत, नामेश, रूपेश का विशेष योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव**

रा.प्र.क्र.- 202306092100071
अ/ 6 (अ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृपाराम पिता पल्टन राम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम जामरी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदक के पिता कृपाराम आ. पल्टनराम सिन्हा के नाम से ग्राम जामरी प.ह.न.21 रा.नि.म. बेलगाँव स्थित खसरा नम्बर 65/3 रकबा 0.065 हे. भूमि स्थित है। वर्तमान ऑनलाईन में भूमि ख.न. 65/3 रकबा 0.037 हे. भूमि दर्ज है, उक्त भूमि ख.न. 65/3 रकबा 0.065 हे. भूमि है। अतः ख.न. 65/3 रकबा 0.065 हे. वर्तमान कब्जा के आधार पर सुधार किये जाने निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 27.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./............/बी.121/सन् 20....
साकिन ठेलका बोड़ प.ह.नं. 23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तुलराम सिन्हा पिता/पति तिजऊ राम जाति कलार निवासी ठेलका बोड़ तहसील कांकेर, जिला-उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके पुत्र/पुत्री/माता/पिता तिजऊ राम पिता स्व. मान सिंह जाति कलार ग्राम ठेलका बोड़ का जन्म/मृत्यु दिनांक 05/07/2007 पंजीयन कराने बाबत् शपथ पत्र, जच्चा-बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदक आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 12/10/2023 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 27/9/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**कांकेर,**
**जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

# कौन कहता है कि वक्त सारे ज़ख्म भर देता है किताबों पर धूल जमने से कहानी नहीं बदलती है






कौन कहता है कि वक्त सारे ज़ख्म भर देता है किताबों पर धूल जमने से कहानी नहीं बदलती है

भाजपा के आलाकमान (मोदी-शाह) ने 'मिशन 2024' के लिए अभी से अपनी कमर कस ली है।पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों से पार्टी का आडवाणीकरण करने पर विचार कर रहे हैं..इस रणनीति पर काम शुरू हो चुका है। पार्टी के तमाम बुजुर्ग नेता अब अपनी भूमिका को लेकर चिंता में हैं..?बुजुर्ग नेताओं को दो बड़ी चिंताएं सता रही हैं एक तो यह कि टिकट पाने के लिए जो शर्त है, उस पर खरे उतरेंगे या नहीं. दूसरी अगर टिकट मिला और चुनाव जीत भी गए, तो उन्हें 'अहमियत' भी मिलेगी या नहीं. यदि वो मंत्री ना बने तो उनके राजनीति में होने-न-होने का कोई खास मतलब नहीं रह जाएगाजानकारी के मुताबिक पहले 2024 में बीजेपी 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को टिकट नहीं देने की चर्चा थी,पर अब तो 60+के सांसद निशाने पर हैं?पीएम नरेन्द्र मोदी का 73वां जन्मदिन हाल ही में मनाया.पर 2024 में तो उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ना हैतो उन पर यह लागू नहीं होगा? 70+वाला यदि नियम लागू हुआ तो 81 सांसदों के टिकट कट जाएंगे बुजुर्ग सांसदों में सबसे ज्यादा उप्र से 12, गुजरात से 10, कर्नाटक से 9, महाराष्ट्र से 5, झारखंड से 2, बिहार से 6,मध्य प्रदेश से 5 और राजस्थान से 5 हैं।इधर पार्टी का मानना है कि इस फैसले से नए लोगों को राजनीति में आगे आने का मौका मिलेगा।पीएम मोदी ने अपने मंत्रिमंडल से तमाम ऐसे नेताओं को पहले ही बाहर का रास्ता दिखा दिया,जो अटल सरकार में भी मंत्री रहे थे,इन नेताओं में बिहार से पार्टी के सबसे बड़े नेता समझे जाने वाले रविशंकर प्रसाद,उत्तराखंड के दिग्गज नेता रमेश पोखरियाल निशंक,महाराष्ट्र के बड़े नेता प्रकाश जावड़ेकर और पार्टी में मुस्लिम बड़े चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी शामिल हैं।ये वो नेता हैं जिनके लिए कहा जाता था कि इनके बिना भाजपा की केंद्रीय राजनीति चल ही नहीं सकती।मार्गदर्शक मंडल में जा सकते हैं।मोदी सरकार में रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे राजनाथ सिंह की बढ़ती उम्र राजनीतिक भविष्य के लिए संकट बन चुकी है. 71 वर्षीय राजनाथ सिंह उप्र में भाजपा के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं, पीएम मोदी उन्हें अपनी कैबिनेट से बाहर करके उप्र की जनता को नाराज नहीं करना चाहते हैं।हालांकि अब उप्र में राजनाथ से बड़े नेता सीएम योगी स्थापित हो चुके हैं। राजनाथ 72 का आंकड़ा पार कर चुके हैं,लिहाजा 2024 में वे मार्गदर्शक मंडल में ही नजर आएंगे,नितिन गडकरी वैसे तो मोदी सरकार में सबसे कर्मठ मंत्री माने जाते हैं,लेकिन 2024 में उनकी उम्र भी 70+ हो जाएगी, इसलिये उन्हें भी मार्गदर्शक मंडल में डाला जा सकता है.?गडकरी को भी इसका आभास होने लगा है।उप्र में भाजपा के वयोवृद्ध नेता डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय सिर्फ ब्राह्मण चेहरा होने के कारण मोदी सरकार में जगह बना पाए थे।उनकी सेहत और उम्र दोनों अब उनका साथ नहीं दे रही है हो सकता है कि 2024 में वे खुद से ही रिटायरमेंट की घोषणा कर दें।हरदीप सिंह पुरी वर्तमान समय में मोदी कैबिनेट का हिस्सा हैं, भाजपा में कोई सिख नेता नहीं होने के कारण उन्हें तरजीह दी गई है।वे भी 2024 में सन्यास ले सकते हैं,यदि ऐसा नहीं होगा तो उनकी सेहत को देखते हुए टिकट मिल पाना बड़ा असंभव नजर आ रहा है।मोदी सरकार में वित्त मंत्रालय संभाल रहीं निर्मला सीतारमण भीआर्थिक मोर्चों पर अक्सर फेल साबित होते नजर आती हैं. मौजूदा समय में भी अर्थव्यवस्था को संभाल नहीं पा रही हैं।इसलिये 2024 में वे भी मार्गदर्शक मंडल में दिखाई दे सकती है.?इधर हाल ही में मोदी मंत्रिमंडल में शामिल नरेन्द्र तोमर (66साल)प्रहलाद पटेल (63साल)फग्गन सिँह कुलस्ते (64साल) ए के विजयवर्गीय (67साल)सहित 7लोस सदस्यों को विधानसभा का टिकट दिया है वहीं एक अन्य मंत्री ज्योतिरदित्य सिंघिया को भी विस चुनाव लड़ाने की चर्चा है तो छ्ग से सांसद विजय बघेल (64साल)को सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ विस प्रत्याशी बनाया है तो कुछ अन्य सांसदों को भी विस चुनाव लड़ाने की चर्चा तेज है। वैसे यदि विस चुनाव जीत गये तो विधायकऔर हार गये तो दोनों स्थितियों में लोस टिकट से वंचित हो ही जाएंगे?

### मप्र के सीएम शिवराज की पहल अनुकरणीय

मप्र के सीएम शिवराजसिंह ने हाल ही में एक नई पहल की है और छत्तीसगढ़ में भी कुछ ऐसा होना चाहिये।ताकि आनेवाली पीढ़ी के लिये यह प्रेरणादायक बन सके।मप्र सीएम शिवराज ने भोपाल के वल्लभ भवन में स्थापित की गई 14 पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाएं ब्रॉन्ज की है। जिन्हें नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 1 करोड़ तीन लाख 56 हजार रुपए की राशि से तैयार किया गया है।प्रतिमाओं के मॉडल तैयार करने के बाद इन्हें दिवंगत मुख्यमंत्रियों के परिजनों को समय-समय पर दिखाया गया,ताकि पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं को हूबहू तैयार किया जा सके।परिजनों की सलाह के बाद 31 मार्च 2023 को इन प्रतिमाओं को तैयार किया गया। जिन पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाएं लगाई गई हैं,उसमें पंडित रविशंकर शुक्ल, भगवंत राव मंडलोई, राजा नरेश चंद्र सिंह, श्यामाचरण शुक्ला, प्रकाश चंद्र सेठी,कैलाश चंद्र जोशी, वीरेन्द्र खलेचा,सुंदरलाल पटवा,अर्जुन सिंह, मोतीलाल बोरा,बाबूलाल गौर शामिल हैं ।

### मप्र के 6 सीएम का छत्तीसगढ़िया कनेक्शन

कौन कहता है कि वक्त सारे ज़ख्म भर देता है... किताबों पर धूल जमने से कहानी नहीं बदलती है...

एक नवम्बर 1956 में मप्र अस्तित्व में आया और 1 नवम्बर 2000 को विभाजित होकर छत्तीसगढ़ का उदय हुआ।अविभाजित मप्र में छत्तीसगढ़ के 6 नेता सीएम बने। द्वारिका प्रसाद मिश्रा की शिक्षा रायपुर में हुई थी और वे कसडोल से विस उप चुनाव जीतकर सीएम की गद्दी बरकरार रखा तो अर्जुनसिँह ने खरसिया विस से उप चुनाव जीतकर सीएम का पद बरकरार रखा,वहीं पंडित रविशंकर शुक्ल,राजा नरेशचंद्र सिंह,श्यामाचरण शुक्ला,मोतीलाल वोरा की जड़ें तो छ्ग से ही जुड़ीं थीं। सबसे कम समय तक सीएम राजा नरेश चंद्र सिंह रहे तो 3बार सीएम बनने का रिकार्ड पं.श्यामाचरण शुक्ल के नाम दर्ज है।पंडित रविशंकर शुक्ल



1नवम्बर 1956से 31दिसम्बर 56तक सीएम रहे तो पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्रा 30 सितम्बर 1963से 8मार्च 67, राजा नरेश चंद्र 13 मार्च 1969से 25मार्च 69,पं. श्यामाचरण शुक्ल (1)26मार्च 1969से 28जनवरी 72,(2)23मार्च 1975से 30 अप्रेल 77, (3)9जनवरी 89से 1मार्च 90,अर्जुनसिंह 14 फरवरी 88से 23जनवरी 89 (खरसिया उप चुनाव में जीत के बाद)मोतीलाल वोरा (1)13 मार्च 1985से 13मार्च 88 (2)25 जनवरी



89से 9 दिसम्बर 89 तक सीएम रहे।

### छ्ग के 3 सीएम अजीत जोगी,डॉ रमन और भूपेश बघेल

कौन कहता है कि वक्त सारे ज़ख्म भर देता है... किताबों पर धूल जमने से कहानी नहीं बदलती है...

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पहले सीएम अजीत जोगी बने। उन्होंने 9नवम्बर2000से6दिसम्बर 2003 तक यह जिम्मेदारी सम्हाली फिर डॉ रमन सिंह लगातार 3 बार सीएम बनकर रिकार्ड बना चुके हैं। डॉ रमन सिँह (1)7दिसम्बर 2003से 12दिसम्बर 2008 (2)12दिसम्बर 2008से12दिसम्बर 2013(3)12 दिसम्बर 2013से 17दिसम्बर 18 तक सीएम रहे तो वर्तमान सीएम भूपेश बघेल ने 17दिसम्बर 2018से अभी तक सीएम का पदभार सम्हाल रहे हैं।

### और अब बस....

- छग के वरिष्ठ आईपीएस (रिटायर)गिरधारी नायक को फिर मानव अधिकार की जिम्मेदारी दी गई है।
- छग के कुछ आईएएस, आईपीएस क्यों चाहते हैं कि छग में भाजपा की सरकार बनें.?
- छग में करीब 9 एसएस पी/एसपी ईडी के निशाने पर हैं?

## एक नजर

### दिवंगत महिलाओं के नाम तर्पण



**रायपुर 8 अक्टूबर।** बेटी बचाओ मंच रायपुर जोन एवं डगनिया के महिला पदाधिकारियो ने मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में मातृ नवमी यानी शनिवार को रोहिणीपुरम तालाब में देश व प्रदेश के समस्त दिवंगत महिलाओं के नाम तर्पण किया । ऐसी महिलाएं जिन्हें लावारिस समझ दाह संस्कार कर दिया गया या जो लापता हो गए, उन्हें भी यह तर्पण समर्पित किया गया। बेटी बचाओ मंच की ओर से 2021 से यह श्राद्ध व तर्पण किया जा रहा है। इस दौरान चावल, तिल, गुड़, उड़द आदि का अर्पण किया गया। तर्पण करने वालों में मुख्य रूप से ललित मिश्रा, मृणालिनी मिश्रा, कृष्णा वर्मा, लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, दिव्या शुक्ला , पार्वती वर्मा, दमयंती ठाकरे, हेमा यादव, प्रभा चंद्राकार, नंद कुमारी वर्मा, गायत्री बघेल सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** बैजनाथपारा स्थित पायल ट्रेडर्स के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार शुक्ला 53 वर्ष भिलाई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 सीके 4474 को बैजनाथपारा स्थित पायल ट्रेडर्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सट्टा खेलाते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 08 अक्टूबर।** मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी नाला के पास सट्टा खिलाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 5060 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल शाम मोवा पुलिस को सूचना मिली कि दलदल सिवनी नाला के पास दो युवक सट्टा खिला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी जय खटवानी 46 वर्ष और जितेन्द्र शिव पटेल 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 5060 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जाति जनगणना पर कुमारी सैलजा का बयान

## जब तक सही आंकड़े पता नहीं हो, कैसे लोगों को पहुंचाएंगे फायदा

**रायपुर 8 अक्टूबर।** जाति जनगणना पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने पार्टी की स्थिति को स्पष्ट किया है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बिहार में हुआ है, और जैसा प्रियंका और राहुल गांधी ने कहा है, उसी तर्ज पर हमें करना चाहिए और हम करेंगे. इंडिया एलायंस में भी बात आई है कि जब तक हमें सही आंकड़े नहीं पता होंगे. हम लोगों को फायदा कैसे पहुंचाएंगे.



आगामी चुनाव के मद्देनजर आहूत पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आज बैठकों का दौर चलेगा. हर बैठक महत्वपूर्ण होती है, लगातार चल रही है, और चलेगी.

उन्होंने कहा कि पार्टी का काम लगातार चल रहा है. पंचायती राज का बड़ा सम्मेलन हुआ. लोगों ने बढ़ङ्कचढ़कर भाग लिया, प्रियंका गांधी ने भी संदेश दिया. जनता कांग्रेस को दुबारा चुनेगी और हमारी सरकार बनेगी.

कांग्रेस सीईसी की बैठक पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि जब तक सीईसी उस पर ठप्पा नहीं लगाती, तब तक हमारे प्रपोजल प्रस्तावित होते हैं. कुछ दिन में जब बैठेगी सीईसी, तब प्रस्ताव सामने आ जाएगा. एआईसीसी की बैठक भी उस बीच की जाएगी.

महिला वोटरों की संख्या बढ़ने पर कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार बनाने में महिलाओं का हमेशा विशेष योगदान रहता है. पिछली सरकार को गिराने में हमारी सरकार ने खास तौर पर महिलाओं पर फोकस किया था. हमें पूरा विश्वास है कि महिलाएं कांग्रेस का साथ देंगी.

चर्चा के दौरान भाजपा के चुनावी घंटी बजने पर सब याद आता है वाले बयान पर कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा कुछ ना ही बोले, बल्कि अपने गिरिबान में झांक कर देखे कि किस प्रकार से उन्होंने देश को बांटने का प्रयास किया है।

### युवा मितान परिवहन योजना का लोकार्पण

**रायपुर 8 अक्टूबर।** 7अक्टूबर को उच्च शिक्षा एवं परिवहन विभाग के द्वारा महाविद्यालयीन छात्रों के लिए नि:शुल्क बस योजना प्रारंभ किया गया। जिसका लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से आने-जाने में छात्र- छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं 100 रू की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाता है। इस योजना से निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को लाभ होगा।

इस योजना से 10 करोड़ रुपए का आर्थिक भर आयेगा लेकिन विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में महाविद्यालयों में अनेक सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कोटा में होने वाली कोचिंग को व्यवस्था में छत्तीसगढ़ में नि:शुल्क कर दी गयी है ।

## योगेश तिवारी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



### भाजपा को भला-बुरा कहने पर माफी मांगी

**रायपुर 8 अक्टूबर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी (जेसीसीजे) के पूर्व नेता और किसान नेता योगेश तिवारी ने आज रायपुर के रावणभाठा मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में बीजेपी में शामिल हो गए।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी (जेसीसीजे) के पूर्व नेता और किसान नेता योगेश तिवारी ने आज रायपुर के रावणभाठा मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में बीजेपी में शामिल हो गए। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, विधायक बृजमोहन अग्रवाल समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे। योगेश तिवारी के साथ ही बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा में प्रवेश किया। बेमेतरा विधानसभा सीट से योगेश तिवारी की दावेदारी मानी जा रही है। किसान नेता योगेश तिवारी ने मंच से स्वीकार किया कि एक पार्टी की विचारधारा से जुड़े होने के कारण बीजेपी या भाजपा नेताओं का अपमान हुआ है। उन्होंने अपनी इस नादानी और सभी भूल-चूक के लिए मंच से सबको नमन कर मांगी माफी। योगेश तिवारी ने कहा कि आज पीएम मोदी ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। मैं 8 साल से राजनीति कर रहा हूं। मुझे लगा कि मैं गलत विचारधारा में हूं, इसलिए विचारधारा बदले के लिए सोचा। मैं बेमेतरा में राजनीति कर रहा हूं, लेकिन वहां पर राज्य सरकार कुछ काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के युग में अगर कोई अच्छा प्रधानमंत्री है तो वे नरेंद्र मोदी हैं। मैं गलत विचारधारा वाली पार्टी से जुड़ गया था। गलत विचारधारा वाली पार्टी से जुड़ने के कारण मैंने कभी बीजेपी नेताओं को ठेस पहुंचाया है तो मुझे माफ कर दीजिए।

## रायपुर की सड़क के गड्ढों में कांग्रेस को डुबाना है: बृजमोहन

**रायपुर 8 अक्टूबर।** भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखे हमले करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने 5 साल में रायपुर को कबाड़ बना दिया है। मुख्यमंत्री की सोच विकास विरोधी है। पिछला 5 साल रायपुर के लिए अभिशाप से काम नहीं रहा है। 5 साल में रायपुर के विकास के लिए एक ईट नहीं रखी गई। अब जब रायपुर से चारों सीटों पर मुख्यमंत्री को हार नजर आ रही है, तब जनता को फिर दिग्भ्रमित करने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं और सिर्फ नारियल फोड़ रहे हैं होना जाना कुछ नहीं है। मतदान के दिन तक मुख्यमंत्री कितना भी चाह ले किसी योजना का एक ईट नहीं रख पाएंगे काम चालू नहीं करा पाएंगे। रायपुर शहर में मुख्यमंत्री की दर्जनों घोषणाएं आज भी अधूरी है, जनता पूछ रही है क्या हुआ तेरे वादे का। बृजमोहन अग्रवाल में आज टिकरापारा वार्ड के हरदेव लाला मंदिर प्रांगण में सोलर हाई मास्क लाइट का भूमिपूजन किया। हरदेव लाला मंदिर प्रांगण में विधायक निधि से निर्मित 21 लाख की लागत से पेवर ब्लाक का लोकार्पण किया। शीतला मंदिर परिसर में 5 लाख के लागत से लगे पेवर ब्लाक का लोकार्पण किया व लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृत टिकरापारा में 2 करोड़ 45 लाख की लागत से 26 सड़कों के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।बृजमोहन अग्रवाल ने मंच से कांग्रेस पार्टी पर तीखे हमले किए व कहा कि अभी मैं जनसंपर्क यात्रा में टिकरापारा के गली-गली में गया था सब लोगों ने दिखाया था कि सड़क की कैसे दुर्गति है, नगर निगम ने पूरे रायपुर को खोदापुर बना दिया है सड़के गड्ढे से पड़ गई है मैंने लोक निर्माण विभाग में बात कर लोग निर्माण विभाग से टिकरापारा के लिए 2 करोड़ 45 लाख ?28000 की स्वीकृति दिलाई। जिससे आंतरिक मार्गो का डामरीकरण होगा।

## पट्टा वितरण में भेदभाव, भाजपा ने किया प्रदर्शन

**रायपुर 8 अक्टूबर।** चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस सरकार द्वारा पट्टा वितरण के तरीके से गरीबों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। लोग सड़क पर उतर गए है। गरीब बस्तियों में खलबली मच गई है। अभी दो चार दिनों में आचार संहिता लगने वाला है और अब जाकर प्रदेश सरकार द्वारा पट्टा वितरण किया जा रहा है परंतु शासन द्वारा पट्टा वितरण की जो प्रक्रिया अपनाई गई है उससे गरीब में भी भेदभावपूर्ण रैवैया अपनाया गया है जिससे जनाक्रोश बढता जा रहा है। जनाक्रोश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी तात्यापारा मंडल क्षेत्र के नेताओं द्वारा गरीबों बस्तियों के नागरिकों के साथ मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में नगर निगम के ज़ोन सात कमिशनरी में जमकर हल्ला बोला और अव्यवहारिक पट्टा वितरण के तौर तरीकों पर जमकर नाराजगी व्यक्त की गई। रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति




प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने प्रदर्शन करने आये नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने पट्टा वितरण की जो नीति अपनाई है उससे नागरिकों में गरीबों में खुशी की जगह आक्रोश ज्यादा दिखाई दे रहा है। पूरी की पूरी प्रक्रिया अव्यवस्थित और आनन फानन में चुनावी षडयंत्र के तहत अपनायी गयी प्रक्रिया मात्र है। कांग्रेस सरकार कहीं से भी गरीबों को उपकृत करने का नही अपितु भ्रमित करने का काम कर रही है जिससे गरीबों में भारी जाक्रोश है और इसका परिणाम कॉंग्रेस के जनप्रतिनिधियों को आगामी चुनाव में भगतना पड़ेगा। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि निगम और जिला प्रशासन कांग्रेस सरकार के अजेंटबकी तरह काम कर रहे हैं। इन शासकीय करचारियों को सोचना चाहिए कि इन्हें वेतन मिलता है वो जनता का पैसा है न कि कांग्रेस पार्टी का। इस लिए इन्हें निष्पक्ष हो कर गरीब जनता के साथ न्याय करना चाहिए और कांग्रेस के वादे के अनुकूल हर गरीब परिवार को जिन्हें पट्टा नही मिला है उन्हें पट्टा देना चाहिए। यह आम जन की शिकायत है कि जिन लोगों को पूर्व में पट्टा मिला था उन्हें अमान्य कर दिया जा रहा है और जो सर्वे कांग्रेस सरकार द्वारा कराया गया उसमें भी कांग्रेसी समर्थकों को उपकृत कर आम गरीबों को सर्वे सूची से बाहर कर दिया गया है जो कि घोर आपत्तिजनक है। जिसका भारतीय जनता पार्टी कड़ा विरोध दर्ज करती है।

### सरेआम शराब पीते आठ पकड़ाए

**रायपुर, 8 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रमोद नायक 22 वर्ष, दीपक कर्मकार 45 वर्ष व जीवन लाल साहू 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी कुमार विश्वकर्मा 50 वर्ष व भूपेंद्र सिन्हा 28 वर्ष, चैन सिंह ध्रुव 23 वर्ष व गंगाधर साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी जय कुमार टण्डन 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23